




बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 12 मार्च 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 43 | मूल्य - 5 रुपये














## जम्मू में बंदूकधारी के हमले में पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला बाल-बाल बचे; आरोपी गिरफ्तार

जम्मू, (भाषा)।

***जम्मू के बाहरी इलाके में बुधवार रात एक 'मैरिज हॉल' के बाहर बंदूकधारी के हमले में नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी बाल-बाल बच गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।***



उन्होंने बताया कि पुरानी मंडी इलाके के निवासी आरोपी कमल सिंह जामवाल को सुरक्षा गार्डों ने काबू में कर लिया और उसे पूछताछ के लिए ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जम्मू के पॉश माने जाने वाले ग्रेटर कैलाश इलाके में उस समय घटी जब अब्दुल्ला और उपमुख्यमंत्री एक शादी समारोह से बाहर आ रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ। उन्होंने बताया आरोपी जामवाल कथित तौर पर नशे की हालत में था। उन्होंने बताया कि आरोपी, जिसकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है, कार्यक्रम स्थल के बाहर इंतजार कर रहा था और उसने अब्दुल्ला पर गोली चलाने की कोशिश की। हालांकि, दो पुलिसकर्मियों - एक निरीक्षक और एक उपनिरीक्षक - ने उसे काबू में कर लिया, लेकिन फिर भी वह निहत्था होने और हिरासत में लिए जाने से पहले एक गोली चलाने में कामयाब रहा। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ, और जामवाल कथित तौर पर नशे की हालत में था। अधिकारियों ने बताया कि अब्दुल्ला और चौधरी पार्टी नेता बी.एस. चौहान को उनके बेटे की शादी की बधाई देने आए थे।

## न्यायालय ने 32 वर्षीय व्यक्ति को इच्छामृत्यु की अनुमति दी

नई दिल्ली, (भाषा)।

***उच्चतम न्यायालय ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु (पैसिव युथनेसिया) की पहली बार स्वीकृति देते हुए 32 वर्षीय उस व्यक्ति की कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने***

की बुधवार को अनुमति दे दी जो 12 साल से अधिक समय से कोमा में है। निष्क्रिय इच्छामृत्यु का अर्थ है कि नाजुक स्थिति वाले किसी मरीज को जीवित रखने वाली चिकित्सा सहायता को रोकने या जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति देना ताकि उसकी स्वाभाविक रूप से मौत हो सके। इस फैसले के साथ ही न्यायालय ने केंद्र सरकार से निष्क्रिय इच्छामृत्यु पर एक व्यापक कानून बनाने पर विचार करने का आग्रह किया ताकि इससे ''उन मामलों में स्पष्टता मिलेगी जो बेहद व्यावहारिक और भावनात्मक रूप से संवेदनशील हैं।'' न्यायालय ने कहा कि कानून के अभाव के कारण, उसे हस्तक्षेप करने और दिशानिर्देश देने के लिए विवश होना पड़ा क्योंकि यह संस्थागत वरीयता का मामला नहीं बल्कि संवैधानिक आवश्यकता का मामला है, ताकि मौलिक अधिकारों की शुचिता, विशेष रूप से गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार की रक्षा की जा सके। गाजियाबाद निवासी हरीश राणा 2013 में एक इमारत की चौथी मंजिल से गिरने के कारण सिर में चोट लगने से घायल हो गया था और वह एक दशक से अधिक समय से कोमा में है। वह पंजाब विश्वविद्यालय का छात्र था। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को राणा को उपशामक देखभाल इकाई में भर्ती करने का निर्देश दिया ताकि चिकित्सकीय उपचार बंद किया जा सके। निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला यह आदेश 2023 में संशोधित किए गए 2018 के उस फैसले के अनुरूप है जिसमें गरिमा के साथ मृत्यु के मौलिक अधिकार को मान्यता दी गई थी।

## पश्चिमी राज्यों में चल रही उष्ण लहर, उत्तर में तापमान सामान्य से अधिक :

नई दिल्ली। (भाषा)।

देश के कई हिस्सों में बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहा जबकि गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्रों तथा महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के कुछ इलाकों में उष्ण लहर से लेकर भीषण उष्ण लहर तक की स्थिति बनी रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने कहा कि हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अधिकतर स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक (5.1 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक) दर्ज किया गया। उसने बताया कि पश्चिमी और पूर्वी राजस्थान, पंजाब के कई स्थानों, पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पूर्वी एवं पश्चिमी मध्य प्रदेश, गोवा, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में भी अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया।

विभाग ने 28 फरवरी को अपने मासिक पूर्वानुमान में कहा था कि मार्च और मई के बीच देश के अधिकतर हिस्सों में सामान्य से अधिक दिन उष्ण लहर (लू) चलने की आशंका है। गुजरात में जिन स्थानों पर उष्ण लहर से भीषण उष्ण लहर चली, उनमें अहमदाबाद और गांधीनगर शामिल हैं, जहां बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से क्रमशः 7.2 डिग्री सेल्सियस और 6.4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। आईएमडी ने कहा कि गुजरात के कुछ हिस्सों में 13 मार्च तक ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है।






## ज्ञानेश कुमार के खिलाफ संसद में प्रस्ताव लाने आज नोटिस सौंप सकता है विपक्ष..

नई दिल्ली। (भाषा)।

***मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस के लिए आवश्यक हस्ताक्षर ले लिये गए हैं और संसद के दोनों सदनों में बृहस्पतिवार को सौंपा जा सकता है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।***

इस घटनाक्रम से अवगत एक वरिष्ठ सांसद ने बताया कि उन्होंने हस्ताक्षर एकत्र करने का काम पूरा कर लिया है और नोटिस बृहस्पतिवार को सौंपा जा सकता है। सांसद ने यह भी कहा कि नोटिस दोनों सदनों में दिया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि बुधवार शाम तक, लगभग 120 सांसदों ने लोकसभा में दिये जाने वाले नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं और लगभग 60 सांसदों ने उच्च सदन में दिये जाने वाले नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। नियमों के मुताबिक, लोकसभा में कम से कम 100 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला नोटिस और राज्यसभा में कम से कम 50 सदस्यों के हस्ताक्षर करने वाला नोटिस देना होता है। सूत्रों ने बताया कि नोटिस पर 'इंडिया' गठबंधन के सभी घटक दलों के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं।

गौरतलब है कि यह पहली बार है जब मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाने के लिए कोई नोटिस दिया जा रहा है। विपक्षी दलों ने कई मौकों पर सीईसी पर सत्तारूढ़ भाजपा की मदद करने का आरोप लगाया है। विपक्ष मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद को लेकर पिछले कुछ महीनों से उन पर लगातार निशाना साधता रहा है। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर का उद्देश्य भाजपा की मदद करना है। कानून के अनुसार, सीईसी को ''उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए मौजूद प्रक्रिया, और समान आधार पर ही पद से हटाया जा सकता है।'' मुख्य निर्वाचन आयुक्त की अनुशंसा के बिना अन्य निर्वाचन आयुक्तों को पद से नहीं हटाया जा सकता। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अनुसार, किसी भी सदन में, न्यायाधीश को पद से हटाने का प्रस्ताव स्वीकृत हो जाने के बाद, (लोकसभा) अध्यक्ष या (राज्यसभा) सभापति, जैसा भी मामला हो, तीन सदस्यीय समिति का गठन करेंगे जो उन आधारों की जांच करेगी, जिन पर पद से उन्हें हटाने की मांग की गई है।

समिति में प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) या शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश, 25 उच्च न्यायालयों में से किसी एक के मुख्य न्यायाधीश और एक प्रतिष्ठित न्यायविद होते हैं। समिति की कार्यवाही किसी भी अदालती कार्यवाही की तरह होती है, जिसमें गवाहों और आरोपियों से जिरह की जाती है।

सीईसी को भी समिति के समक्ष बोलने का अवसर मिलता है। नियम के अनुसार, समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद, इसे सदन में पेश किया जाएगा और पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो जाएगी। हालांकि, सीईसी को अपना बचाव करने का अधिकार होता है।

## सावधान ! दो माह बाद भी यदि घर में मांगलिक कार्य है तो जल्द कर लें खरीदी..

### ईरान अमेरिका युद्ध के कारण ईंधन के साथ ही महंगाई और विवाह सामग्रीयों के स्टॉक का भी हो सकता है संकट..

### ट्रांसपोर्टेशन में आई दिक्कतें तो होगी परेशानी..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***अमेरिका और ईरान के बीच शुरु हो चुकी लड़ाई दिन प्रतिदिन आक्रामक हो चली है, तथा जिस तरह से ईरान के सुप्रीम लीडर और धार्मिक नेता खामनेई की हत्या कर दी गई है, उसके बाद से अब ईरान भी हथियार डालने को तैयार नहीं दिख दे रहा है। एक तरफ ईजरायल और अमेरिका मिलकर***

ईरान पर बम और गोले बरसा रहे हैं, तो वहीं ईरान की भी आक्रामकता और युद्ध नीति बढ़ती जा रही है, तथा स्थितियां नियंत्रित होने की संभावनाएं फिलहाल कम ही दिखाई दे रही है, तथा ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह युद्ध लंबा चल सकता है, और इसके बहुत घातक परिणाम हो सकते हैं। ईरान और अमेरिका के बीच छिड़ी जंग के कारण संपूर्ण विश्व की विमान सेवाएं, समुद्री सेवाएं भी बाधित हुई है। हांलाकि भारत सरकार द्वारा घरेलु गैस की आपूर्ति फिलहाल की जा रही है, लेकिन युद्ध शुरु ही हुआ है कि शुरुआती दौर में ही इसके कारण रेस्टॉरेंट एवं भोजनालयों को कॉमर्शियल सिलेंडर मिलना मुश्किल हो गया है। इसी प्रकार जल्द ही घरेलु गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल की दिक्कतें भी होनी शुरु हो सकती है, और ऐसा हुआ तो फिर इसके कारण सबसे बड़ी दिक्कतें ट्रांसपोर्टेशन की भी हो सकती है।

### किराना, सब्जी एवं अन्य सामग्रीयों के बढ़ सकते है दाम..

गौरतलब है कि यदि परिवहन और ईंधन की दिक्कतें आई तो पेट्रोल डीजल के रेट भी बढ़ सकते हैं, और इसका सीधा असर अन्य सामग्रीयों की दरों पर भी होगा, जिन्हें कि अन्य शहरों से दूसरे शहर लाना ले जाना हो। चूंकि गोंदिया बालाघाट शहर में सब्जी, किराना एवं अनेक सामग्रीयां अन्य महानगरों से पहुंचाई जाती है, जिससे कि परिवहन की बढ़ती दरों के कारण अन्य सामग्रीयों की किमतें भी कम होगी।

### मांगलिक कार्यों पर भी हो सकता है असर..

**परिवहन पर दिक्कतें होने के कारण किराना, सब्जी एवं अन्य सामग्रीयों के अलावा बाजार में विवाह के दौरान परिधानों की आपूर्ति भी बाधित होने की संभावनाएं बन सकती है। माना जा सकता है कि जिन परिवारों में महीने या दो महीने बाद भी मांगलिक कार्य हैं, यदि उन्होंने खरीदी में जल्दबाजी की तो हो सकता है कि ऐसा करना उनके लिये फायदेमंद हो, क्योंकि पेट्रोल डीजल के कारण संकट की स्थिति में बाजार में शॉपिंग के लिये आने जाने के लिये भी पेट्रोल संकट रफ्तार को बाधित कर सकता है, इसी प्रकार दुकानों में स्टॉक के अलावा लोगों को परिस्थितिजन्य महंगाई का सामना करने की भी स्थिति बन सकती है।**

## भंडारा मे सुरक्षा कर्मी की बंपर भर्ती

सुरक्षा कर्मी की बंपर भर्ती में शामिल होने का अवसर, योग्यता 10 वी 12वीं पास। सैलरी 15 से 20 हजार रूपए, रहने की उत्तम सुविधा, पीएफ, ईएसआईसी, लीव सैलेरी, बोनस की सुविधा.. सनफ्लैग स्टील प्लांट भंडारा (वरठी),

संपर्क : 9766188388, 7030497666

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज

नई दिल्ली। (भाषा)।

***लोकसभा ने अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए लाए गए प्रस्ताव को बुधवार को ध्वनिमत से खारिज कर दिया। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद द्वारा पेश किये गए संकल्प***

पर 12 घंटे से अधिक समय की चर्चा और गृह मंत्री अमित शाह के जवाब के बाद, पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने इसे मतदान के लिए सदन के समक्ष रखा। सदन ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच, ध्वनिमत से संकल्प को अस्वीकृत कर दिया। संकल्प पर चर्चा और मतदान के दौरान बिरला सदन में उपस्थित नहीं थे। गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ संकल्प लाने को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दलों ने बिरला की निष्ठा पर सवाल खड़े किए हैं, जो बहुत अफसोसजनक है। उन्होंने सदन में विपक्ष के संकल्प पर चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि किसी को भी नियम के विपरीत बोलने का अधिकार नहीं है।

गृह मंत्री के एक शब्द को लेकर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया और उनसे माफी की मांग की। संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि राहुल गांधी पूरी तरह ''बेनकाब'' हो गए हैं क्योंकि गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में विपक्ष के नेता द्वारा लगाए गए सभी आरोपों का ''मुंहतोड़ जवाब'' दिया है।

भाजपा नेता रीजीजू ने सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सभी सांसदों को बिरला के साथ दृढ़ता से खड़े रहने और लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफप्रस्ताव को खारिज करने के लिए धन्यवाद भी दिया। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा, ''विपक्षी सांसदों में से कई ने मुझे बताया कि कांग्रेस मतदान में भाग लेने के लिए इच्छुक नहीं थी क्योंकि उसे पता था कि आधे विपक्षी सदस्य उसके साथ नहीं हैं। इसलिए उन्होंने गृह मंत्री के भाषण को बाधित करने की योजना बनाई थी।''



दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

### मामला आदिम जाति सहकारी समिति लालपुर का..

# कर्ज लिया नही और समिति ने बना दिया कर्ज दार, अधिकारियो की कार्रवाई जांच मे ही सिमटी



**जगप्रेरणा बरघाट।**

***बरघाट विकास खंड के अन्तर्गत आने वाली आदिम जाति सहकारी समिति लालपुर जो की किसानो से जुडी समिति है मे नित नये नये कारनामे सामने***

आ रहे है पिछली जांच और कार्यवाई अभी अधिकारियो की मेहरबानी से ठंडे बस्ते मे बन्द है वही दूसरी तरफएक नया मामला और ज्यादा सुर्खिया बटोर रहा है जहा किसान ने समिति से अपनी कृषि पर नगद ऋण एवं खाद तो लिया नही किन्तु समिति के रिकॉर्ड मे आज वह गरीब आदिवासी किसान कर्जदार बना हुआ है यह सच भी तब सामने आया जब आदिवासी किसान को बैक से 189000 एक लाख नवासी हजार का वसूली नोटिस प्राप्त हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आदिम जाति सहकारी समिति लालपुर के अन्तर्गत आने वाले ग्राम ताखला निवासी आदिवासी किसान सूरजलाल धुर्वे के उस समय होश उड गये जब बैक की वसूली टीम कर्ज का नोटिस लिये वसूली के लिये उसके घर पहूच गई तब जाकर आदिवासी किसान को पता चला की आदिम जाति सहकारी समिति के कर्णधारो ने फर्जी तरीके से किसान के कृषि रकबे पर कर्ज उठा लिया है आनन फानन मे किसान सूरजलाल धुर्वे ने अपनी पत्नि के साथ बैक जाकर शाखा प्रबंधक को सारी सच्चाई से अवगत तो कराया किन्तु समस्या का समाधान न होने पर गरीब परिस्थिति मे भी वसूली की कार्रवाई से बचने के लिये तीस हजार रूपये भी जमा कर दिये जबकि सूरजलाल के नाम पर यह कर्ज वर्ष 2020-21 मे उठाया गया है जिसकी जानकारी तक किसान को नही है उसे तो यह जानकारी उस समय लगी जब उसके घर बैक से वसूली टीम वसूली के लिये तलब हुई जबकि यह गरीब किसान अधिकतर समय कमाने खाने के उद्देश्य से नागपुर महाराष्ट मे ही रहता है किन्तु बिना कर्ज लिये ही समिति के जवाबदारो ने उसे कर्जदार बना दिया है।

## पिछली जांच और कार्यवाई सवालो के घेरे मे..

यहा यह भी उल्लेखनीय है की आदिम जाति सहकारी समिति की अनियमितताओ की जांच उपायुक्त पंजीयक कार्यालय के निर्देश पर जांच दल द्वारा की गई तथा बारदाना मे हेराफेरी की जांच करते हुऐ वसूली के निर्देश भी हुऐ किन्तु विभागीय जांच टीम की जुगलबंदी के चलते समिति की यह कार्रवाई बीते एक वर्ष से सिर्फ कागजो मे दौड रही है यही नही समिति मे व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितता की जांच विभाग से जुडे अनेको अधिकारियो ने करते हुऐ समय समय पर सभी ने मामले को दबाने के लिये सिर्फअपनी जेब गरम करने का काम किया है किन्तु किसानो से जुडी इस सहकारी समिति के हित मे कभी भी कोई ठोस कार्रवाई करते नजर नही आया और यही कारण है की किसानो से जुडी यह समिति गर्त मे डूबते चली गई और आज यह स्थिति है की इस समिति से किसान भी अब लेनदेन करने से लेकर खाद बीज के लिये तक परेशान होते आ रहे है किन्तु विभागीय से जुडे ही कुछ अधिकारी अपने स्वार्थ की रोटी सेकते नजर आ रहे है और वर्तमान मे समिति की कमान नये समिति प्रबंधक के साथ साथ दो आपरेटर के हाथो मे है जिसका यह परिणाम है की कब समिति खुलती है और बंद हो जाती है यह तक किसानो को पता नही होता।

## कलेक्टर के निर्देश पर भी अमल नही..

उल्लेखनीय है की जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार उपायुक्त पंजीयक कार्यालय सिवनी को विधिवत कार्यवाई करते हुऐ लगभग सात से सत्तर लाख के बारदाना की वसूली कर राशि मध्य प्रदेश सिविल सप्लाईज कार्पो लिमिटेड सिवनी मे जमा करवाना था किन्तु जिला कलेक्टर से जारी निर्देश पर भी अगर सम्बन्धित विभाग कार्रवाई करने मे हीला हवाली कर दो वर्ष बिता सकता है तो अन्दाजा लगाया जा सकता है की आम नागरिक अथवा किसानो की आवाज पर क्या कार्यवाई होती होगी सिर्फ अनेको अधिकारियो के द्वारा जांच कर औपचारिकता निभाने का काम लम्बे अर्से से चले आ रहा है और यही कारण है की किसानो की यह समिति सिर्फअनियमिताओ के लिये चर्चित हो चुकी है जिस ओर विभाग के आला अधिकारियो का ध्यान न दिया जाना समझ से परे है.

## प्रशासक की भूमिका और उठते सवाल..

यहा यह बताना भी लाजिमी है की आदिम जाति सहकारी समिति के साथ साथ प्रशासक डी के डहेरिया के हाथो मे बरघाट विकास खंड की अनेको समितियो की कमान है किन्तु समिति के संचालन तथा किसानो के हित तथा समिति के हित मे इनके द्वारा आज तक कोई कारगर पहल सामने नही आई है इनके द्वारा भी समिति प्रबंधक को तथा समिति के विक्रेता को धारनाकला ब्रांच मे बुलाकर रोड मे खडे होकर फाईलो मे हस्ताक्षर किये जाते है तथा यह भी सिर्फप्रशासक की भूमिका अपने स्वार्थ के लिये करते नजर आ रहे है और समिति की जांच मे भी इनकी अहम भूमिका सामने आई है जांच के नाम पर ठोस कार्रवाई की धमकी ये महोदय जी दो वर्षो से देते आ रहे है और सूत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन पर विभाग की भी खासी मेहरबानी है यही कारण है की अनेको समिति के संचालन की जिम्मेदारी इन्हे सौप दी गई क्या संवेदन शील जिला कलेक्टर का ध्यान इस ओर जायेगा।

# शबे क़द्र से पहले व्यवस्थाओं पर जोर, मुस्लिम विकास परिषद ने नपा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

### रमज़ान की इबादतों को देखते हुए सफाई, रोशनी और पानी की व्यवस्था की मांग, अध्यक्ष ने दिया कार्रवाई का आश्वासन..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***पवित्र माह रमज़ान के अंतिम अशरे में शबे क़द्र की मुबारक रातें शुरू हो चुकी हैं। इन दिनों शहर की मस्जिदों, मदरसों और कब्रिस्तानों में देर रात तक बड़ी संख्या में लोग इबादत, तरावीह और विशेष नमाज़ के लिए***

पहुंच रहे हैं। ऐसे में नगर की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर मुस्लिम विकास परिषद, सिवनी ने नगर पालिका प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। परिषद के जिला अध्यक्ष साजिद खान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोड़िया से मुलाकात कर उन्हें लिखित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान परिषद के सरपरस्त शोएब राजा, शफीक पटेल सहित परिषद के कई सदस्य मौजूद रहे। परिषद ने ज्ञापन में बताया कि रमज़ान के अंतिम दिनों में शहर की विभिन्न मस्जिदों में इबादत और तरावीह के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं, वहीं शबे क़द्र की रातों में यह संख्या और अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में नागरिकों की सुविधा और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए नगर पालिका की ओर से विशेष व्यवस्थाएँ किए जाने की आवश्यकता है। ज्ञापन में मांग की गई कि शहर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों सहित पूरे नगर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाए। सभी कूड़ा घरों से नियमित कचरा उठान कराया जाए तथा चूना और दवा का छिड़काव किया जाए ताकि गंदगी और दुर्गंध से राहत मिल सके। इसके अलावा मच्छरनाशक दवाओं का छिड़काव, मस्जिदों, मदरसों और कब्रिस्तानों के आसपास खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने, आवारा कुत्तों और सुअरों को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा प्रमुख मस्जिदों के सामने पानी के टैंकर उपलब्ध कराने की मांग भी परिषद द्वारा रखी गई। नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोड़िया ने परिषद के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि रमज़ान और शबे क़द्र के दौरान शहर में आने वाले नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करना नगर पालिका की जिम्मेदारी है। उन्होंने परिषद को आश्वस्त किया कि संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर जल्द ही उचित कार्यवाही कराई जाएगी। इस दौरान परिषद के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि नगर पालिका प्रशासन समय रहते व्यवस्थाओं को दुरुस्त करेगा, जिससे रमज़ान के पवित्र माह में शहर में इबादत करने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# पीएलएचआईवी पेशेंटों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने एआरटी सेंटर में शिविर आयोजित..

### विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की दी जानकारी..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***परियोजना संचालक मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के दिशा-निर्देशों तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.***

जयपाल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में बुधवार 11 मार्च 2026 को जिला चिकित्सालय सिवनी स्थित एआरटी सेंटर जिला चिकित्सालय सिवनी में पीएलएचआईवी **(PLHIV)** मरीजों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु एक विशेष शिविर (कैम्प) का आयोजन किया गया। शिविर में 152 पीएलएचआईवी मरीज पहुंचे और विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला चिकित्सालय सिवनी के डॉ. विनोद कुमार नावकर सिविल सर्जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में एआरटी सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. जयज काकोडिया द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार नावकर का स्वागत एआरटी सेंटर के डाटा मैनेजर अवनेश ठाकुर ने किया। शिविर में विभिन्न विभागों से पहुंचे अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्वागत एआरटी सेंटर स्टॉफ डीएसआरसी स्टॉफ तथा आईसीटीसी स्टॉफ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार के शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य पीएलएचआईवी मरीजों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना है, ताकि उन्हें स्वास्थ्य उपचार के साथ-साथ सामाजिक एवं आर्थिक सहयोग भी मिल सके। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में 1124 पीएलएचआईवी मरीज नियमित रूप से एआरटी दवाइयों का सेवन कर रहे हैं और ऐसे शिविरों के माध्यम से उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार नावकर ने कहा कि एआरटी सेंटर में पंजीकृत मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना भी जरूरी है, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आ सके।वहीं एआरटी सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. जयज काकोडिया ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से पीएलएचआईवी मरीजों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती है, जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होती है।शिविर में विभिन्न विभागों से पहुंचे अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। श्रम विभाग से पहुंचे अधिकारी ने संबल कार्ड, श्रम कार्ड सहित विभाग में संचालित विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।इसी क्रम में दलप्रताप सिंह पैगाम (कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी) ने खाद्य विभाग द्वारा संचालित राशन एवं खाद्य सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं भगवानदास डहेरिया (उद्योग विभाग) ने स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं के बारे में बताया।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पार्वती डहेरिया ने उपस्थित मरीजों को निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी। इसके अलावा प्रकाश उइके, कौशल प्रसाद सनोडिया, अरुण कुमार, मुकेश सोमारे एवं विवेक जैसवाल ने आयुष्मान भारत योजना एवं आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।शिविर में उपस्थित पीएलएचआईवी मरीजों ने विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों से अपने प्रश्न भी पूछे, जिनका समाधान मौके पर ही किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से मरीजों को सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर अंशुदीप निकोसे, संजय दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एआरटी सेंटर, डीएसआरसी तथा आईसीटीसी स्टॉफकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

# ग्राम अरी में पानी को लेकर हाहाकार




**जगप्रेरणा अरी।**

ग्राम अरी में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है परेशान जनता का कोई माई बाप नहीं जिसके चलते ग्राम की जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों के द्वारा इस आशय का शिकायत पत्र कलेक्टर को जनसुनवाई में दिया गया है।

कहने को तो अरी ग्राम पंचायत जनपद की सबसे बड़ी पंचायत है लेकिन कोई जिम्मेदार न होने के कारण अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है इन सबके लिए हमारे ग्राम एवं क्षेत्र के कुछ छूट भैया नेता जिम्मेदार हैं जो नहीं चाहते कि यहां कोई सरपंच हो और कोई काम हो लोग परेशान होते रहे इसी वजह से यहां पर प्रशासन की उदासीनता के चलते यहां कोई सरपंच नहीं है और सचिव भी है जैसे नहीं है क्योंकि लगभग चार माह से से सचिव महेश गौतम के द्वारा पंचायत में उपस्थित तो दर्ज कर दी गई है लेकिन यहां की बार-बार होने वाली शिकायतों से परेशान होकर चार्ज नहीं लेना चाहते हैं जिसके कारण किसी के पास भी भुगतान के अधिकार नहीं है इसी वजह से ना तो नल जल योजना ही सुचारू रूप से चल पा रही है और ना ही कोई काम हो पा रहे हैं आज हालात यह हो गए हैं की ग्राम के लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं उनकी सुनने वाला कोई नहीं है ग्राम के कुछ जागरूक नागरिक रकीब खान अब्दुल खान अफजल खान संतोष यादव कृष्ण कुमार यादव गुड्डू खान समीर खान बासिद खान गौरी शंकर नागपुरे टेकचंद अजीज खान अकबर खान आमिर खान द्वारा चंदा करके बोर से मोटर निकलवा कर दूसरे खराब मोटर की जगह उसे डाला गया है ताकि लोगों को पानी मिल सके क्योंकि ग्राम के मध्य में खारा पानी है और उनकी उम्मीदें नल से आने वाले पानी पर टिकी होती है वैसे भी मुस्लिम भाइयों के रोजे चल रहे हैं और कुछ ही समय पश्चात चैत्र नवरात्र भी शुरू हो जाएगी गर्मी भी अपना असर दिखने लगी है देखना है निरंकुश प्रशासन में बैठे जनपद के कर्मचारी अधिकारी हो या फिर जिला पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी कितना ध्यान देते है या फिर इसी तरह इस ग्राम की दुर्दशा होते रहेगी इन सब के लिए आखिर कौन जिम्मेदार है।

भुगतान के अधिकार किसी के पास भी न होने के कारण लगभग 7 माह पूर्व कराए गए मध्यावधि चुनाव में लगाए गए टेंट एवं भोजन बना कर देने वाले के साथ-साथ पंचायत के कर्मचारी नल जल योजना में लगे कर्मचारीयों को भुगतान के लाले पड़े हुए हैं लेकिन प्रशासन में बैठे जिम्मेदार अधिकारी अपनी आंख मूंद कर कुंभ करनी नींद में सो रहे हैं।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे
मो. 9329033433

# जिला अस्पताल में ब्लड सेपरेशन मशीन अब तक बंद, मरीजों को भटकना पड़ रहा बाहर..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिला अस्पताल सिवनी में ब्लड सेपरेशन (कम्पोनेंट) मशीन एवं उसका लाइसेंस लगभग छह माह पूर्व प्राप्त हो चुका है, लेकिन अत्यंत खेद का विषय है कि आज***

दिनांक तक यह मशीन चालू नहीं की गई है। इस कारण जिले के गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ब्लड कम्पोनेंट मशीन चालू न होने के कारण सिकल सेल, थैलेसीमिया, अप्लास्टिक एनीमिया जैसे रोगों से पीड़ित बच्चों एवं वयस्क मरीजों को प्लेटलेट्स, प्लाज्मा तथा अन्य रक्त घटकों के लिए मजबूरन जबलपुर एवं नागपुर जैसे बड़े शहरों में जाना पड़ रहा है।

दूरस्थ शहरों में इलाज कराने की मजबूरी के कारण मरीजों और उनके परिजनों को मानसिक, आर्थिक तथा शारीरिक कष्ट झेलना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि ब्लड सेपरेशन मशीन की सुविधा मिलने से जिले के मरीजों को प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और अन्य रक्त घटक स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकते हैं। इससे थैलेसीमिया, सिकल सेल तथा अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा और उन्हें दूसरे शहरों में भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

थैलेसीमिया जनजागरण समिति के जिला अध्यक्ष योगेश हरिनखेड़े ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह सुविधा जिला अस्पताल सिवनी को कई वर्षों के लंबे इंतजार के बाद प्राप्त हुई है। इसके बावजूद भी अब तक मशीन का संचालन प्रारंभ न होना अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि जिले में थैलेसीमिया एवं अन्य रक्त संबंधी रोगों से पीड़ित कई बच्चे नियमित रूप से रक्त एवं प्लेटलेट्स पर निर्भर रहते हैं, ऐसे में ब्लड कम्पोनेंट मशीन का बंद रहना उनके लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रहा है। उन्होंने बताया कि यदि यह मशीन शीघ्र प्रारंभ हो जाती है तो मरीजों को समय पर प्लेटलेट्स, प्लाज्मा एवं अन्य रक्त घटक आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे और उन्हें बाहर के बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। योगेश हरिनखेड़े ने जिला प्रशासन, अस्पताल प्रबंधन एवं मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए ब्लड सेपरेशन (कम्पोनेंट) मशीन को शीघ्र चालू कराया जाए, ताकि जिले के मरीजों को राहत मिल सके और उन्हें अनावश्यक परेशानियों से बचाया जा सके।

# क्रिकेट अंडर-15 डिवीजन टीम में डी पी सी रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल की तीन छात्राओं का चयन



**जगप्रेरणा सिवनी।**

**जिले के लिए गर्व की बात है कि डी पी सी रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल की छात्राओं अनुष्का ठाकुर, ईशा सनोडिया एवं नियति बघेल का चयन क्रिकेट अंडर-15 डिवीजन टीम में हुआ है। छात्राओं के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन और निरंतर अभ्यास के कारण उन्हें इस प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।**

स्कूल संचालक डॉ के के चतुर्वेदी एवं शिक्षकों ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्राचार्य डॉ अमिता चतुर्वेदी ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। क्रीडा प्रभारी मनीष चौरसिया एवं रागिनी कुम्हारे को इनकी सफलता का श्रेय दिया।

छात्राओं की इस सफलता से उनके माता-पिता, परिजन सहित विद्यालय तथा क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सभी ने उम्मीद जताई है कि वह आगे भी अपने शानदार प्रदर्शन से जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेगी।

## 30 वर्षीय युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

थाना छपारा क्षेत्र में जामुनपानी में एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया हैं, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में दिनाँक 11/03/2026 को दोपहर 02 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल छपारा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया डायल-112 स्टाफ सैनिक श्याम सिंह ठाकुर एवं पायलेट मोहित नामदेव ने घटनास्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात कारणों से आत्महत्या के उदेश्य से अवसादग्रस्त 30 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था, डायल-112 जवानों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित युवक को एफ़ आर व्ही वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा में भर्ती करवाया। जहाँ पीड़ित युवक का उपचार किया जा रहा है।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फैक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039











दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


# बालाघाट जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध..

## पिछली बुकिंग के 25 दिन बाद ही होगी एलपीजी रिफिल बुकिंग

जगप्रेरणा बालाघाट।

***शासन के निर्देशानुसार जिले में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण आयात में आई रुकावटों को देखते हुए केंद्र सरकार ने एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर केवल घरेलू उपभोक्ताओं के***

लिए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि शासन के निर्देशों के तहत अब चिकित्सालयों और शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर अन्य सभी वाणिज्यिक संस्थानों, जैसे होटल, मॉल और औद्योगिक इकाइयों को बल्क तथा पैक्ड कमर्शियल गैस की आपूर्ति नहीं की जाएगी। प्रशासन ने ऐसे संस्थानों को अपनी ईंधन आवश्यकताओं के लिए वैकल्पिक स्रोतों का उपयोग करने की सलाह दी है। उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा और गैस का वितरण सुनिश्चित करने अब एलपीजी रिफिल की बुकिंग पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही स्वीकार की जाएगी। इससे बाजार में कालाबाजारी और अफरा-तफरी पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वितरकों के स्तर पर स्टॉक की दैनिक समीक्षा की जा रही है। साथ ही जमाखोरी करने वालों और घरेलू गैस के दुरुपयोग करने वालों के खिलाफकड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण पर हुई चर्चा..

## प्रस्तावित मूल्य पर 16 मार्च तक सुझाव एवं आपत्तियॉ प्रस्तुत की जा सकती है..





जगप्रेरणा बालाघाट।

कलेक्टर एवं जिला मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष मृणाल मीना की अध्यक्षता में 11 मार्च को वर्ष 2026-27 के लिए अचल संपत्तियों के बाजार मूल्यों के निर्धारण संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में कटंगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी, जिला पंजीयक श्रीमती कीर्ति असाटी, हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री जयंत देशमुख सहित समिति में नामित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित गाइडलाइन मूल्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति द्वारा जिले में निर्धारित कुल 2283 लोकेशनों में से 1221 लोकेशनों की दरों में वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया है। जिला मूल्यांकन समिति द्वारा अनुमोदित प्रस्तावों को अवलोकन के लिए जिला पंजीयक कार्यालय एवं उप-पंजीयक कार्यालय में आमजनों के लिए उपलब्ध कराया गया है।

नागरिक इन प्रस्तावों पर अपने सुझाव एवं आपत्तियां 16 मार्च 2026 को सायं 5 बजे तक जिला पंजीयक कार्यालय, बालाघाट में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों के आधार पर अंतिम प्रस्ताव तैयार कर अनुमोदन के लिए केंद्रीय मूल्यांकन समिति, भोपाल को भेजा जाएगा।

# जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला पंचायत सामान्य प्रशासन की बैठक

## विभिन्न विभागों की ग्रामीण विकास योजनाओं की हुई समीक्षा..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में 11 मार्च को जिला पंचायत सभागृह में जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के समस्त समितियों के सभापति एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफसहित ग्रामीण विकास से जुडे विभागों के अधिकारी कर्मचारी***

उपस्थित रहे। बैठक में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े मुद्दे उठाए गए तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले के अस्पतालों की स्थिति की जानकारी ली गई। इस दौरान कटंगी और लालबर्रा में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी चर्चा हुई और संसाधनों की उपलब्धता के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। एमपीआरडीसी द्वारा विभागीय सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरस्वर ने बैठक में कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय सीमा में कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। बैठक में गढ़ी से चिल्पी मार्ग का नवीनीकरण कार्य धीमी गति से चलने की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया और इसमें प्रगति लाने कहा गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले में स्वीकृत सड़कों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया की प्रधानमंत्री जनमन योजना में 52 सड़क स्वीकृत हुई है, जिनके कार्य प्रारंभ है एवं 23 पुलिये स्वीकृत हो चुके हैं।

इनमें बाढ़ से क्षतिग्रस्त पुल पुलियों को स्वीकृत किया गया है। सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और शेष कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। योजना अंतर्गत सर्वप्रथम धरती आबा योजना के ग्रामो में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिले के विभिन्न विकासखण्डों में बनने वाली सड़कों की ब्लॉक प्रायोरिटी सूची जारी की गई है। इस सूची में कुल 12 सड़कों का चयन किया गया है, जिनकी कुल लंबाई लगभग 28.80 किलोमीटर होगी। योजना के तहत इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। इन मार्गों के बनने से अब तक संपर्कविहिन गांवों को मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच में काफी सुविधा मिलेगी।

बैठक में बताया गया कि इस सूची में बैहर, बिरसा, परसवाड़ा, वारासिवनी, बालाघाट एवं लांजी/लालबर्रा ब्लॉक के कई गांवों को शामिल किया गया है। प्रमुख प्रस्तावित मार्गों में पटवा से पटवा फ् केवलारी से भेलवाटोला बरटोला, किनारदा से मसनटोला, शिकारीटोला, रेलवाही से सकराईटोला, डोरली से आवासटोला, मयूरबिंदु से तल्लाबोडी, डोंगरिया से लच्छीटोला, कोचेवाही से नत्थाटोला, बोटेझरी से खदानटोला, हुड़कीटोला से ढाढूटोला, अमोली अप्रोच रोड तथा चंद्रपुरी से बडटोला मार्ग शामिल हैं। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलेगी और स्थानीय लोगों को परिवहन की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी।

बैठक में बताया कि मुख्यमंत्री मंजरा टोला योजना अंतर्गत सड़कों की स्वीकृति हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत बस्ती विकास योजना की जानकारी चर्चा के दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा निर्देश दिए गए कि शालाओ में शौचालय, पेयजल एवं विद्युतीकरण जैसे आवश्यक कार्यो को लिया जावे। सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों के निर्माण की स्वीकृति के प्रयास किये जावे एवं राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल को पत्र प्रेषित किया जावे। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि द्वारा बताया गया कि रबी सीजन में जिले में गेहूं, चना एवं सरसों का रकबा बढा है। उन्होंने बताया कि तिल, उड़द का बीज एवं अग्रिम खाद उठाव 01 अप्रैल से प्रारम्भ किया जा रहा है। जिले के सभी कृषक अपनी फार्मर आईडी बनवा ले और अपने खसरे फार्मर आईडी में जुड़वा ले। फार्मर आईडी से खसरे लिंक होने पर ही किसानों को उर्वरक का प्रदाय किया जा सकेगा। बैठक में स्वच्छता, शिक्षा, कृषि तथा अन्य विभागों की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। समिति सदस्यों ने विकास कार्यों में तेजी लाने और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

# भारतीय ज्ञान परम्परा और आधुनिक जीव विज्ञान पर हुआ राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन..






जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में 11 एवं 12 मार्च 2026 को उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन भोपाल तथा आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ, प्राणीशास्त्र एवं वनस्पति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में***

दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय 'भारतीय ज्ञान परम्परा और आधुनिक जीव विज्ञान को जोडने् वाली अंतः विषय अनुसंधान विधियां' रहा। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का पौधे एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने स्वागत भाषण में भारतीय ज्ञान परम्परा और आधुनिक जीव विज्ञान के समन्वय तथा अंतःविषयक अनुसंधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. बी.के. ब्रम्हे ने संगोष्ठी की रूपरेखा तथा डॉ. एम.एस. मरकाम ने संगोष्ठी के उद्देश्यों की जानकारी दी। प्रथम तकनीकी सत्र में प्रो. सतीश चिले (सेवानिवृत्त प्राचार्य, शासकीय पी.जी. महाविद्यालय सिवनी) ने भारतीय प्राचीन ज्ञान को आधुनिक जीव विज्ञान से जोड़ते हुए नए अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया तथा औषधीय पौधों और प्राकृतिक फंगस की उपयोगिता पर जानकारी दी। द्वितीय तकनीकी सत्र में प्रो. डी.के. कापगते (जे.एम. पटेल कॉलेज भंडारा) ने मध्य भारत में जुरासिक एवं क्रिटेशियस काल की जैव विविधता और जीवाश्मों पर व्याख्यान दिया। सरदार पटेल विश्वविद्यालय से आए डॉ. सम्पत घोष ने भारतीय ज्ञान परम्परा, मधुमक्खियों की प्रजातियों तथा शहद के औषधीय गुणों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तेजेन्द्र सिंह शिव ने किया तथा अंत में डॉ. भूपेन्द्र कुमार ब्रम्हे ने आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के स्टाफएवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 20 मार्च को वीरांगना अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

## रायपुर का संदल व झांकियां होगी आकर्षण का केंद्र..

## लोधी महासभा के नेतृत्व में बैठक सम्पन्न



जगप्रेरणा बालाघाट।

***आगामी 20 मार्च को वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस बालाघाट मुख्यालय में धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकलेगी। जो अवंती बाई चौक बस स्टेंड से होते हुये शहर का भ्रमण करते हुये रामाबापू मोतीतालाब के पास सम्पन्न होगी। इस भव्य***

शोभायात्रा में रायपुर का संदल व झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेगा। रथ व घोड़े सहित 500 महिला-युवतियां हाथो में तलवार व शाफा पहनकर शामिल रहेगी। आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिये 10 मार्च को लोधी महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक लिल्हारे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में लांजी विधायक और लोधी लोधा लोध महासभा के प्रदेश महामंत्री राजकुमार कर्राहे, प्रदेश प्रवक्ता शौकत बिसाने, प्रदेश सचिव धर्मपाल नगपुरे, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश लिल्हारे, पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह मोहारे, बी.एल.लिल्हारे, प्रभुलाल पिछोड़े, गंगासागर नगपुरे, जनपद सदस्य केशव नगपुरे, उपसरपंच तेजलाल सुलाखे, सुखदेव मुनि कुतराहे, शीला नगपुरे, दिलीप उपवंशी, डॉक्टर अर्चना लिल्हारे, यशवंत लिल्हारे, अर्जुन ठकरेले, हर्ष मुंजारे, नितिन शिवहरे, पार्षद दीनू बसेने, विशाल तिवड़े, विजय धामड़े,उदय बम्बुरे, डिलेंद्र माहुले, अभय पिछोड़े, भानूप्रताप नगपुरे, प्रफुल्ल मोहारे, दीपक नगपुरे, संदीप चिखले सहित समाज के अनेंक गणमान्य उपस्थित रहे।

इस बैठक में 20 मार्च को होने जा रहे पूरे कार्यक्रम को संचालित करने हेतु लोधी महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक लिल्हारे द्वारा समाज के वरिष्ठ जन चेतना उत्कर्ष संगठन के संरक्षक बी.एल.लिल्हारे को कार्यक्रम अध्यक्ष बनाया गया हैं। आयोजित बैठक के संदर्भ में लोधी महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक लिल्हारे द्वारा बताया गया कि हर वर्ष की तरह वीरांगना लोधी अवंती बाई का बलिदान दिवस 20 मार्च को मनाया जाने को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई हैं।

20 मार्च का कार्यक्रम में लोधी युवा मोर्चा अध्यक्ष हर्ष मुंजारे के नेतृत्व में कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने जा रहे हैं। जिसमें रायपुर से संदल सहित झाकियां शामिल होगी। ढोल ढमाके व धुमाल के बीच यह भव्य शोभायात्रा रानी अवंती बाई की प्रतिकात्मक झांकी के साथ बस स्टेंड अवंती बाई प्रतिमा स्थल से निकाली जायेगी जिसमें 500 महिलायों एक ही वेशभूषा में तलवार व साफा पहनें हुये भी शामिल रहेगी। यह आयोजन बहुत ही भव्य व विशाल रूप में आयोजित होगा।

इसके पहले अवंती बाई चौक बस स्टेंड में पूजन व माल्यापर्ण का कार्यक्रम कर वीरांगना को नमन किया जायेगा। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे से शोभायात्रा निकलेगी। जो कि शहर का भ्रमण करते हुये मोतीतालाब मे रामाबापू प्रतिमा स्थल तक पहुंचेगी। जहां पर सभा होगी और अवंती बाई के चरित्र को लेकर वर्णन किया जायेगा। विधायक राजकुमार कर्राहे ने बताया कि आयोजित बैठक में 20 मार्च के अवंती बाई बलिदान दिवस कार्यक्रम के साथ ही आगामी 28 अप्रैल को भोपाल में होने वाले प्रदेश लोधी लोधा लोध महासभा के नेतृत्व में राजा हिरदेशाह के बलिदान दिवस कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा की गई।

यह आयोजन शौर्य दिवस के रूप में भोपाल के जंबूरी मैदान में होगा। जिसमें बालाघाट जिले से भी हजारों की संख्या में लोगों के शामिल होने के लिये चर्चा की गई। वीरांगना अवंती बाई के बलिदान दिवस कार्यक्रम को और अधिक भव्यता प्रदान करने के संबंध में भी उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी राय रखी। साथ ही आयोजित कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सुखदेव मुनि कुतराहे द्वारा किया गया। आयोजित बैठक में बालाघाट से प्रदेश लोधी लोधा लोध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जालमसिंह पटेल द्वारा गठित की गई कार्यकारिणी में प्रदेश महामंत्री राजकुमार कर्राहे, प्रदेश प्रवक्ता शौकत बिसाने, प्रदेश सचिव धर्मपाल नगपुरे, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश लिल्हारे को शामिल किये जाने के लिये आभार व्यक्त किया गया। साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

## जनगणना-2027 के मकान सूचीकरण हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण 12 मार्च को

**जगप्रेरणा बालाघाट।** जनगणना-2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य के लिए जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 12 मार्च 2026 को किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पुराना कलेक्टर कार्यालय बालाघाट स्थित ई-दक्ष केंद्र में प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक आयोजित होगा। प्रशिक्षण में बैहर, लांजी, परसवाड़ा, कटंगी, बिरसा एवं तिरोड़ी के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे जनगणना लिपिक/ऑपरेटर के साथ लैपटॉप एवं जनगणना कैलेंडर के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ प्रशिक्षण में समय पर उपस्थित हों।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935

# विधायक भगत ने लंबित कार्यों को पूर्ण कराने मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

जगप्रेरणा बालाघाट।

***परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाऊ भगत ने क्षेत्र के लंबित सड़क निर्माण एवं विकास कार्यों को शीघ्र स्वीकृति दिलाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपा है।***



उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से परसवाडा विधानसभा क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सड़कों का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान में कई महत्वपूर्ण सड़क मार्गों के प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग को दिए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक कुछ मार्गों को स्वीकृति नहीं मिल पाई है, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक भगत ने कहा कि परसवाडा विधानसभा क्षेत्र का बड़ा हिस्सा ग्रामीण और वन क्षेत्रों से घिरा हुआ है, जहां अनेक गांव आज भी बेहतर सड़क संपर्क से वंचित हैं। बरसात के मौसम में इन क्षेत्रों की स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब कच्चे रास्ते और खराब सड़कें ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती हैं। ऐसे में इन सड़कों का निर्माण समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि लंबित सड़क निर्माण प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ कराया जाए।

ज्ञापन में जिन प्रमुख मार्गों के निर्माण की मांग की गई है, उनमें सीताडोंगरी से मदनपुर मार्ग, डोंगरबोडी से भालेवाड़ा सड़क मार्ग, एनएच 543 से हिरमूटोला-कटेगांव मार्ग, मानपुर से कोपाली मार्ग, मुरझण से राघोटोला मार्ग, बुढिया गांव से अलीपुर मार्ग, सोनखार से कोटागांव मार्ग तथा जरेरा से उमरदौनी मार्ग शामिल हैं। इसके अलावा कई गांवों को आपस में जोड़ने के लिए नई सड़कों के निर्माण की भी आवश्यकता बताई गई है। विधायक भगत ने कहा कि इन मार्गों के निर्माण के साथ-साथ कई स्थानों पर पुल और पुलियों का निर्माण भी अत्यंत जरूरी है, ताकि वर्षा ऋतु में आवागमन बाधित न हो।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कुछ सड़कें ऐसी हैं जो विश्वविख्यात कान्हा राष्ट्रीय उद्यान से जुड़े क्षेत्रों को जोड़ती हैं, इसलिए इन मार्गों का निर्माण पर्यटन और स्थानीय आर्थिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगा। बेहतर सड़क संपर्क से न केवल ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

विधायक भगत ने नैनपुर से लामता मार्ग के विस्तारीकरण की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि इस मार्ग की वर्तमान स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है। इसी प्रकार लामता से बैहर मार्ग की स्थिति भी खराब हो चुकी है और इसका पुनर्निर्माण अत्यंत आवश्यक हो गया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष से अपेक्षा व्यक्त की कि परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के गांवों का व्यापक सर्वे कराकर एक रोड मैप तैयार किया जाए और आवश्यकता के अनुसार सड़कों, पुलों एवं पुलियों के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जाएं। विधायक भगत ने कहा कि सड़कों के अभाव में किसी भी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की कल्पना अधूरी रहती है। उनका प्रयास है कि परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के चारों ओर सड़कों का मजबूत नेटवर्क तैयार हो, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिले और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त हो सके।

# सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के तहत परसवाड़ा के स्कूलों का भ्रमण, छात्रों से करियर व भविष्य पर चर्चा

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***जनजातीय कार्य विभाग मध्य प्रदेश शासन एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित जीवन कौशल विकास कार्यक्रम 'सक्षम' के अंतर्गत जिला***






बालाघाट के विकासखंड परसवाड़ा में भोपाल से आई प्रशिक्षण टीम ने विभिन्न स्कूलों का भ्रमण किया। इस दौरान ट्रेनिंग टीम मैनेजर श्री सत्या प्रकाश नायक तथा ब्लॉक मैनेजर सुधीर अग्रवाल ने एकीकृत माध्यमिक स्कूल मोहगांव, एकीकृत माध्यमिक स्कूल पोंडी तथा माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर परसवाड़ा का दौरा किया।

विद्यालयों में प्राचार्य जयंत खांडवे के मार्गदर्शन में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर हेडमास्टर एवं शिक्षकों के साथ सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित सत्रों तथा विद्यार्थियों में आ रहे सकारात्मक बदलावों पर चर्चा की गई।

भ्रमण के दौरान श्री नायक ने विद्यार्थियों से सक्षम कार्यक्रम की गतिविधियों, उनके सपनों, भविष्य में क्या बनना चाहते हैं, विषय चयन तथा करियर मार्गदर्शन जैसे विषयों पर संवाद किया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सक्षम कार्यक्रम से उन्हें जीवन कौशल, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने में सहायता मिल रही है।

उन्होंने विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए नियमित अध्ययन करने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने तथा छात्राओं को अपनी रुचि के अनुसार विषय चुनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यालय में संचालित मेरी सीख कॉर्नर, मेरी सीख कॉपी, स्टडी कॉर्नर और सक्षम उपस्थिति रजिस्टर जैसी व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया।

इसके अतिरिक्त ग्राम मोहगांव के कम्यूनिटी यूथ लीडर से मुलाकात कर समर कैम्प के दौरान विद्यार्थियों के साथ गतिविधियां आयोजित कर उन्हें कार्यक्रम से जोड़ने तथा समुदाय से समन्वय पर भी चर्चा की गई।

श्री नायक ने आगामी सत्र में सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाले कार्यों की जानकारी भी साझा की।

इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक करियर और विषय चयन से संबंधित कई प्रश्न पूछे। भ्रमण के अवसर पर ब्लॉक मैनेजर अमित शुक्ला भी उपस्थित रहे।

# सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन समिति का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित, कार्यों की हुई सराहना..

जगप्रेरणा बैहर।

***म.प्र. जन अभियान परिषद के अंतर्गत विकासखंड बैहर में सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान तथा कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशन में किया गया।***



कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर क्रमांक-1 बैहर अंतर्गत जनपद पंचायत बैहर में नवांकुर संस्था वीर नारायण जन जागरण समिति केवलारी के माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा भारत माता के पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों का तिलक, पुष्पमाला एवं ब्रॉच लगाकर स्वागत किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला समन्वयक सुशील बर्मन एवं विकासखंड समन्वयक महेश पटले के निर्देशन में विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई।

समन्वयक महेश पटले ने जन अभियान परिषद का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया। वहीं परामर्शदाता शिवनाथ यादव ने परिषद की परिकल्पना, स्वैच्छिकता, सामूहिकता एवं स्वावलंबन के साथ परिषद के उद्देश्य और लक्ष्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। परामर्शदाता आकांक्षा तेकाम एवं संगीता उइके ने समग्र ग्राम विकास की अवधारणा तथा प्रस्फुटन समिति के दस्तावेजीकरण की जानकारी देते हुए अध्यक्ष, सचिव, सदस्यों एवं नवांकुर सखियों को लेखा-जोखा एवं अभिलेख संधारण की प्रक्रिया से अवगत कराया।

प्रशिक्षण के दौरान आदर्श ग्राम निर्माण, नशामुक्त समाज, शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान, संस्कार केंद्र, जैविक खेती तथा सभी के लिए शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। इंटर्न निकिता तेकाम ने भी प्रस्फुटन समितियों को संबोधित किया। अंतिम सत्र में संस्था के अध्यक्ष कुन्दन मेरावी एवं परामर्शदाता सुरेश यादव ने सामाजिक संस्थाओं के पंजीयन, उनकी संरचना, धारा 27, 28, 29 तथा वर्ष के अंत में संस्था के ऑडिट की प्रक्रिया की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मंशाराम मड़ावी ने प्रस्फुटन समितियों के कार्यों की सराहना करते हुए वनाधिकार कानून और पेसा एक्ट से संबंधित जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम में सेक्टर की सभी प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं तथा अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रशिक्षण का संचालन कुन्दन मेरावी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई।

# युवाओं को जोड़ने की पहल: गढ़वाल समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 15 मार्च को बालाघाट में..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***अखिल भारतीय गढ़वाल समाज द्वारा समाज के युवक-युवतियों को एक मंच पर लाने, आपसी परिचय बढ़ाने और सामाजिक समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं संवाद कार्यक्रम***







का आयोजन आगामी 15 मार्च 2026, दिन रविवार को बालाघाट में किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम अंबेडकर चौक के समीप स्थित तुरकर भवन में आयोजित होगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी हितेश अजीत एवं समाज के संगठन प्रभारी प्रदीप हरिन्द्रवार , राष्ट्रीय प्रवक्ता गढ़वाल समाज अमर हरिन्द्रवार ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के युवक-युवतियों को एक-दूसरे से परिचित होने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद भी आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य केवल परिचय तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से समाज के युवाओं के बीच आपसी संवाद, सामाजिक जागरूकता और पारिवारिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में विशेष रूप से पुनर्विवाह जैसे सामाजिक विषयों पर भी जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा, जिससे समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिल सके।

इस अवसर पर अखिल भारतीय गढ़वाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवीन्द्र नागेश्वर, राष्ट्रीय महासभा के समस्त पदाधिकारी, युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, अखिल भारतीय महिला प्रकोष्ठ की महिला पदाधिकारीगण तथा समाज के विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष एवं वरिष्ठजन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

गढ़वाल समाज युवा प्रकोष्ठ ने समाज के सभी युवक-युवतियों, अभिभावकों एवं स्वजातीय बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस सामाजिक पहल को सफल एवं भव्य बनाएं तथा समाज में एकता और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाएं।

## हरदोली में जल महोत्सव का हुआ आयोजन

# पंप चालक का किया गया सम्मान, एफ. टी. के. किट से किया गया जल परीक्षण..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत उपखंड बालाघाट की ग्राम पंचायत हरदोली में बुधवार 11 मार्च को 'जल महोत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में जल प्रबंधन को मजबूत करना तथा शुद्ध पेयजल के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा।***




कार्यक्रम के दौरान गांव में जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने वाले 'जल प्रहरी' (पंप चालक) कपूर चंद चौधरी का सम्मान किया गया। ग्रामीणों ने उनके समर्पण और सेवा भाव की सराहना करते हुए उन्हें श्रीफल एवं पेन भेंट कर जल प्रबंधन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करने के लिए फील्ड टेस्ट किट (स्नञ्जय) के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रदर्शन भी किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट उपखंड की ब्लॉक समन्वयक रानी सिंह राजपूत ने घरेलू नल कनेक्शन से लिए गए पानी के नमूनों की मौके पर ही जांच की।

परीक्षण में पानी का पीएच स्तर, क्लोरीन की मात्रा तथा फ्लोराइड और नाइट्रेट की उपस्थिति की जांच की गई। ग्रामीणों को बताया गया कि वे भी इस किट की मदद से समय-समय पर पानी की शुद्धता की जांच कर सकते हैं, जिससे जलजनित बीमारियों से बचाव संभव हो सकेगा।

कार्यक्रम में सरपंच संतोष चौधरी ने कहा कि ÷जल ही जीवन है, लेकिन स्वच्छ जल ही स्वस्थ जीवन का आधार है। पंप चालक हमारी जल व्यवस्था की रीढ़ हैं और एफ्टीके परीक्षण हमारी सुरक्षा का कवच है।÷ इस अवसर पर पीएचई पीएमयू से शीतल मिश्रा, ग्राम पंचायत सचिव चरण लाल धारणे, वी.डब्ल्यू.एस.सी. के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए किसानों को एआई बॉट कॉल, ओटीपी या बैंक जानकारी न दें..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रदेश में किसानों की फसलों की सटीक जानकारी प्राप्त करने के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।***

कार्यालय आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन के निर्देशानुसार फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत प्रदेश के लगभग एक करोड़ किसानों को डिजिटल क्रॉप सर्वे की जानकारी देने के लिए एआई बॉट (ढ्ढ क्चह्ल) कॉल के माध्यम से मोबाइल फोन पर संपर्क किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत किसानों को मोबाइल कॉल के साथ-साथ एसएमएस के माध्यम से भी उनकी दर्ज फसल की जानकारी भेजी जा रही है, ताकि वे अपने खेत में बोई गई फसल की पुष्टि कर सकें। इससे फसल संबंधी आंकड़ों को डिजिटल रूप से अपडेट करने में सुविधा होगी।

प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि एआई बॉट कॉल के दौरान किसानों से किसी प्रकार का ओटीपी, बैंक खाता या आधार नंबर की जानकारी नहीं ली जाती है। यदि किसी भी कॉल के माध्यम से ऐसी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी मांगी जाती है तो किसान उसे साझा न करें। ऐसी संदिग्ध कॉल मिलने पर किसान तुरंत नजदीकी थाना या साइबर सेल को सूचना देकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, ताकि धोखाधड़ी की घटनाओं से बचाव किया जा सके।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो। 9329033433

# भावांतर योजना में सरसों विक्रय के लिए 1622 किसानों ने कराया पंजीयन

## 20 मार्च पंजीयन की अंतिम तिथि

## 6200 के भाव से होगी खरीदी

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रदेश सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में सोयाबीन की तरह सरसों की खरीदी भावांतर योजना में करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए बालाघाट जिले में भी किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। भावांतर योजना में समर्थन मूल्य पर***

सरसों विक्रय के लिए 20 मार्च तक किसानों का पंजीयन किया जाएगा।

भावांतर योजना में सरसो विक्रय के लिए बालाघाट जिले के 1622 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। सरसो की खरीदी 6200 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी।

सरसों विक्रय के लिए लालबर्रा तहसील के 202, कटंगी के 428, बिरसा के 16, परसवाड़ा के 36, वारासिवनी के 387, खैरलांजी के 299, बालाघाट के 154, बैहर के 4, किरनापुर के 45, तिरोड़ी के 45 और लांजी के 06 किसानों ने पंजीयन कराया है।

इसके अलावा समर्थन मूल्य पर मसूर विक्रय के लिए जिले के 62 किसानों ने भी अपना पंजीयन कराया है। प्रशासन ने किसानों से निर्धारित तिथियों के भीतर पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य योजना का लाभ लेने की अपील की है।










दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


## जन अभियान परिषद की पहल - प्रस्फुटन समितियों के क्षमतावर्धन हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता और शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद वारासिवनी के अंतर्गत नवांकुर संस्था ग्रामीण आंचलिक कृषक समाज सेवा समिति,***

सेक्टर क्रमांक-01 द्वारा नवांकुर संस्था कार्यालय वार्ड क्रमांक-01, वारासिवनी में प्रस्फुटन समितियों के क्षमतावर्धन प्रशिक्षण (प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान) के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. गीता हनवंत (जिला पंचायत सदस्य), श्री सुरेंद्र भगत (ब्लॉक समन्वयक, म.प्र. जन अभियान परिषद), श्रीमती पुष्पा अमुले (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत वारासिवनी), श्री किशोर अमुले (पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष), पंडित रमाशंकर मिश्रा (सामाजिक कार्यकर्ता), श्री योगेश बोकड़े (संचालक, संकल्प एजुकेशन सोसायटी ङ्क संकल्प एकेडमी), श्री राजकुमार लिलहरे (नवांकुर संस्था अध्यक्ष), निकिता मिश्रा (परामर्शदाता) तथा श्रीमती मीना लिलहरे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समिति पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान ब्लॉक समन्वयक श्री सुरेंद्र भगत ने प्रस्फुटन समितियों की भूमिका, उनकी कार्यप्रणाली एवं सामाजिक दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि ये समितियां शासन और समाज के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करती हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार कर अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

श्रीमती पुष्पा अमुले, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की और कहा कि समाज में जागरूकता फैलाने में प्रस्फुटन समितियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं श्री किशोर अमुले, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में शासन की संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि सही जानकारी और सटीक आंकड़ों के साथ योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन श्री राजकुमार लिलहरे द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान समितियों के पदाधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन, जनजागरूकता और सामाजिक सहभागिता के विषय में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा सभी को सल्पाहार प्रदान किया गया।

### अवैध प्लाटिंग कर भूखंड बेचने के मामले में

## वारासिवनी एसडीएम ने 17 कालोनाईजरों को जारी किया कारण बताओ नोटिस..

### 08 कॉलोनाईजर पर 50-50 हजार एवं 09 कालोनाईजर पर 01-01 लाख का लगाया जुर्माना

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***वारासिवनी एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल ने नियम विरूद्ध अवैध प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय किये जाने के मामले में 17 कालोनाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि क्यों न उनके द्वारा तैयार की जा रही कालोनी का प्रबंधन मध्यप्रदेश पंचायत***

राज्य एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 61 एवं मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत नियम 2014 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा ले लिया जाए। इन कालोनाईजर्स को 10 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

एसडीएम श्री जायसवाल ने 08 कालोनाईजर पर 50-50 हजार रुपए एवं 09 कालोनाईजर पर 01-01 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है और 10 दिनों के भीतर यह राशि चालान के माध्यम से जमा कर एसडीएम कोर्ट में चालान की प्रति जमा करने कहा गया है। इन कालोनाईजर द्वारा छोटे-छोटे भूखंड विक्रय किये जाने पर तत्काल रोक लगायी गई है। तहसीलदार वारासिवनी एवं लालबर्रा को निर्देशित किया गया है कि इन कालोनाईजर्स द्वारा ग्राम वारा एवं कनकी में भूखंड विक्रय की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल एसडीएम कोर्ट को सूचित करें।

अवैध रूप से प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय करने के मामले में कालोनाईजर वारासिवनी निवासी घनश्याम वल्द जोशीलाल व रोहित पुरी वल्द रेवेंद्र पुरी, नितिन वल्द बिहारीलाल बोपचे, संदेश मिश्रा, अभिनंदन पिता निर्मल कोचर व निर्मल पिता ज्ञानचंद कोचर, बालाघाट निवासी संजय पिता धरमचंद बोथरा व मनीष सोनी पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इन कालोनाईजर द्वारा वारासिवनी तहसील के ग्राम वारा में अवैध रूप से प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय किये जा रहे थे।

इसी प्रकार कालोनाईजर वारासिवनी निवासी श्रीमती भारती पति नारायण कोलानी, लालबर्रा तहसील के ग्राम जाम निवासी सुरेंद्र पिता बेनीराम बलोने व वारासिवनी निवासी मनीष पिता सत्यनारायण सोनी, निर्मल पिता ज्ञानचंद कोचर व नमन पिता निर्मल कोचर, संजय सिंह पिता गुरुदेव सिंह, बालाघाट निवासी मनीष सोनी पर ग्राम पंचायत क्षेत्र वारा में अवैध रूप से प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय करने के कारण 01-01 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। बालाघाट निवासी ऋषभ कुमार वल्द पदमचंद जैन व गर्रा निवासी श्रीमती हिमानी पति सुनील हनवत द्वारा लालबर्रा तहसील के ग्राम कनकी में अवैध प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय करने के कारण उन पर 01 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

इन सभी कालोनाईजर्स के भूखंड विक्रय पर एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल द्वारा रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही इन कालोनाईजर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उनके द्वारा तैयार की जा रही कालोनी का प्रबंधन सक्षम प्राधिकारी द्वारा ले लिया जाए। इन कालोनाईजर्स को 10 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

## एसएसपी कॉलेज वारासिवनी में आपदा प्रबंधन जनजागृति कार्यशाला आयोजित


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433






जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री मृणाल मीना के निर्देशन में 11 मार्च 2026 को शंकर शाह कॉलेज वारासिवनी में आपदा प्रबंधन जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरिता कोरेकर, स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में रजनी खटीक, डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड बालाघाट एवं नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान एएसआई होमगार्ड महेश कुमार उइके एवं एसडीईआरएफ टीम द्वारा अग्निशमन, भूकंप, लू-ताप, वज्रपात, सर्पदंश और बाढ़ जैसी आपदाओं से बचाव की तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही मध्यप्रदेश शासन के मौसम पूर्वानुमान से संबंधित दामिनी ऐप और सचेत ऐप के उपयोग के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में एसडीईआरएफ टीम के सदस्य करण सिंह वल्के, आशीष खरोले, विशाल रजक, मुलेन्द्र आडे तथा सिविल डिफेंस के विशाल राहंगडाले और राजकुमार उपस्थित रहे। इस जनजागृति कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में आपदा से संबंधित जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को आपदा के समय सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी देना रहा।

## खैरलांजी कॉलेज की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ..






जगप्रेरणा खैरलांजी।

***वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय, खैरलांजी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 11 मार्च से 17 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायत घुबडग़ोदी में किया जा रहा है।***

शिविर का शुभारंभ बुधवार को घुबडग़ोदी ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद श्री विश्वेश्वर भगत, विशिष्ट अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री वेद प्रकाश कटरे, सरपंच संतोषी सुनील राऊत, उपसरपंच सुरेंद्र भगत तथा सचिव विजय सुखदेवे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री के.एल. हिवारे ने की। अतिथियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व और युवाओं की समाज सेवा में भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।

शिविर के दौरान डिजिटल इंडिया, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, आत्मनिर्भर भारत, योग जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, बाल संरक्षण, यातायात सुरक्षा, नशा मुक्ति तथा स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विषयों पर प्रतिदिन बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिविर में कार्यक्रम प्रभारी श्री आर.के. पांडेय, शालिनी मेश्राम, वीरेंद्र पटले, विक्रांत रंधावा, शिखा डहरवाल, आकाश, सुनील सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं एनएसएस इकाई के 44 स्वयंसेवक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रवि अजीत किरनापुर
मो. 6261142145

जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## सेवती भानेगांव के बीच भीषण कार सड़क हादसा एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल..

### रायपुर से बालाघाट की ओर आ रही थी कार..







जगप्रेरणा किरनापुर।

*सेवती भानेगांव के बीच एक क्रिड कार डिवाइडर से जा टकराई जिससे भीषण हादसा हो गया कार में सवार दो*

व्यक्ति में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बीति रात्री दिनांक 11/03/2026 को 2 बजे की बताई गई है। लोगो द्वारा भीषण इस सड़क कार दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिस पर थाना किरनापुर पुलिस मौके पर पहुंची112 वाहन की मदद से जख्मी हालत में दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया मौके पर एक की मौत हो गई थी। दूसरा गंभीर रूप से घायल था जिसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी अनुसार घटना दिनांक 11/03/2026 रात्रि में 2 बजे की है। रायपुर से बालाघाट की ओर आ रही इस कार में दो लोग सवार थे। जिसमें मृतक का नाम दीपक सोनवाने पिता स्वर्गीय गोपिया सोनवाने जाति लोहार निवासी बालाघाट बूढ़ी वार्ड नंबर 1 बताया गया है और दूसरा राजू कोसरे पिता माधवराव कोसरे जाति लोहार निवासी सिवनी बालाघाट का है। थाना किरनापुर पुलिस कार्यवाही कर मामले को विवेचना में लिया गया है। मृतक का पोस्टमार्टम के उपरांत शव अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया है।

## भारत माता पब्लिक स्कूल के 2 विद्यार्थियों का सैनिक स्कूल में चयन





जगप्रेरणा लांजी।

*नगर में स्थित भारत माता पब्लिक स्कूल के लिए यह गर्व का क्षण है, स्कूल के दो होनहार छात्रों धैर्य इनवाती और खुशी दहीकर ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम में सफलता हासिल की है।*

दोनों छात्रों ने नेशनल लेवल की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्तीर्ण होकर सैनिक स्कूल सोसायटी में चयनित होने का गौरव प्राप्त किया है।

स्कूल प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि धैर्य और खुशी की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। स्कूल के शिक्षकों की निरंतर मेहनत और अभिभावकों के मजबूत सहयोग ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रबंधन ने दोनों छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह उपलब्धि स्कूल के उच्च शैक्षणिक मानकों और मजबूत शैक्षिक आधार को दर्शाती है।

भारत माता पब्लिक स्कूल लांजी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और समग्र विकास के लिए जाना जाता है। स्कूल न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता पर बल देता है, बल्कि छात्रों में नैतिक मूल्य, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करने पर भी विशेष ध्यान देता है। अनुभवी शिक्षक, संरचित पाठ्यक्रम और नियमित मार्गदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल छात्रों को सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करता है।

स्कूल प्रशासन ने उम्मीद जताई कि धैर्य इनवाती और खुशी दहीकर की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी। यह उन्हें कड़ी मेहनत करने, लक्ष्य पर केंद्रित रहने और अपनी शैक्षणिक यात्रा में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

स्कूल ने कहा, 'यह हमारे संस्थान के लिए गर्व का क्षण है और क्षेत्र के युवा छात्रों के लिए एक मिसाल। हम लगातार छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं और भविष्य की नेतृत्व भूमिकाओं के लिए तैयार करते रहेंगे।'

धैर्य इनवाती और खुशी दहीकर को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी ।

## कालीघाट जनकल्याण समिति द्वारा आज मंदिर में स्थापना दिवस

### धार्मिक अनुष्ठान के साथ होगा महाप्रसाद वितरण..



जगप्रेरणा लांजी।

*नगर के माँ काली मंदिर मंडई टेकरी लांजी में आज 12 मार्च 2026 को माँ काली मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।*

यह आयोजन माँ कालीघाट जनकल्याण समिति लांजी के तत्वावधान में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6 बजे से 9 बजे तक अभिषेक एवं पूजन के साथ होगी। इसके पश्चात सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक दुर्गा पाठ किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक शारदा महिला मंडल द्वारा छप्पन भोग अर्पण किया जायेगा। तदोपरांत हवन पूजन कार्यक्रम आयोजित कर शाम 4 बजे से श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। माँ कालीघाट जनकल्याण समिति लांजी ने सभी श्रद्धालुओं एवं धर्म प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पूण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## एडवेंचर की छात्रा धारिता बिसेन का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित



जगप्रेरणा लांजी।

*क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम से संचालित अशासकीय विद्यालय एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगाँव से भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंस्पायर अवार्ड्स*

मानक 2025-26 में विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा धारिता बिसेन पिता ओंकार बिसेन माता श्रीमती खेमलता बिसेन ग्राम चंगेरा कक्षा 8वी का चयन हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में दिनों दिन विद्यालय नये किर्तीमान रच रहा है जो बहुत ही गर्व की बात है। इसके पूर्व वर्षो में भी विद्यालय से 6 छात्रों का चयन इंस्पायर अवार्ड्स के लिए हुआ था। चयनित छात्रा धारिता बिसेन एवं उनके माता-पिता को स्कूल संचालक ए. आर. कुशले, प्रधानपाठिका श्रीमती ममता कुशले, विज्ञान शिक्षक सुभम मेश्राम व रोहित चंदेल, नरेन्द्र कटरे, सुरेन्द्र देवाहे, कार्यालय स्टाफ से कमलेश ठाकरे, सुनिता नखाते, सीमा येरपुड़े के साथ ही पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बेदरे, विजय पटले, उपाध्यक्ष प्रकाश पटले, रोहितलाल बिलघैया, सचिव भुमेश्वर तुरकर, गणेश बाहे, सहसचिव दुलीचन्द कावडे, खुशराज राहंगडाले, महिला संघ समिति में अध्यक्ष श्रीमती सविता मिसारे, योगिता राहंगडाले, उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का भर्रे, सुजाता रामटेके सचिव श्रीमती वर्षा पटले, सीमा इनवाती सहसचिव श्रीमती कविता कुशले, पदमा बिहोने एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं ने छात्रा की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

## पेंशनर्स एसोसिएशन बहेला सेक्टर के अध्यक्ष बने एन बावनथड़े..





जगप्रेरणा लांजी।


*प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा लांजी के द्वारा 11 मार्च से 18 मार्च तक सभी सेक्टरों में बैठक कर होली मिलन के साथ ही सेक्टर की कार्यकारिणी का मनोनयन किया जा रहा है।*

इसी कड़ी में 11 मार्च को बहेला सेक्टर की बैठक शीतला माता मंदिर चिचोली में विजय मस्करे के सानिध्य में संपन्न हुई। सभी पेंशनरों का गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर पेंशनर्स साथियों ने गीत गजल प्रस्तुत किए। एन आर दहिकर, जी एल दमाहे, एस आर धारणे, एवं श्री लिल्हारे ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

### बहेला सेक्टर की कार्यकारिणी..

इस दौरान बहेला सेक्टर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष एन डी बावनथड़े, उपाध्यक्ष डी आर बनोठे, सचिव टी डी पटले, संयोजक सी एल मस्करे, कोषाध्यक्ष डी आर लिल्हारे तथा कार्यकारिणी में एल आर लिल्हारे, पी एल नगपुरे, अर्जुन नगपुरे, एच सी गोतमारे, एल आर नारनौरे, लखनलाल मुछावड़, एन पी मस्करे, एम एल कुतरिये, एल एस सिसोदिया, एन आर दहिकर, बी आर लिल्हारे, ईठाबाई लांडे, जनाबाई कोसरकर, आशा मानकर को शामिल किया गया। बैठक के अंत में बहेला सेक्टर के दिवंगत पेंशनर साथी सुखदास मछिरके को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सरपंच विजय मस्करे ने सभी पेंशनरों को विभिन्न प्रजातियों के आम के पौधे भेंट किया।

## बाघाटोला में 19 से शिव महापुराण संगीतमय कथा का आयोजन..




जगप्रेरणा लांजी।

*क्षेत्र अंतर्गत दुर्गा मंदिर बाघाटोला (बम्हनवाडा) में 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।*

यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के साथ संपन्न होगा। कथा का वाचन आचार्य पं. श्री गौरीकांत पाठक (कटंगी, जिला बालाघाट) द्वारा किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी।

कार्यक्रम की शुभारंभ 19 मार्च को कलश यात्रा एवं शिव महापुराण महात्म्य 20 मार्च को आदि शिवलिंग पूजन, कैलाश निर्माण, शिवामहिमा, 21 मार्च को दक्ष प्रजापति वर्णन, काणावल में यज्ञ संचितरण, 22 मार्च को हिमाचल के घर मंगल शिव विवाह, शिव बारात, 23 मार्च को कार्तिक जन्म, ताड़कासुर वध, श्रीगणेश जन्मोत्सव, 24 मार्च को तुलसी जलंधर कथा, गणेश विवाह, 25 मार्च को शिव अवतारों की कथा, नंदी अवतार, हनुमान अवतार, 26 मार्च को द्वादस ज्योतिर्लिंग महात्म्य, शिव परिवार दर्शन अनेक धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। 27 मार्च को घट विसर्जन, हवन पूजन एवं महाप्रसाद वितरण के साथ होगा। इस धार्मिक आयोजन के आयोजक समस्त चौरागडे परिवार हैं, जिन्होंने समस्त श्रद्धालुओं से कथा में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है। आयोजन स्थल दुर्गा मंदिर बाघाटोला।

## आज समाज में महिलाओं की भागीदारी बराबर, पॉली एकेडमी में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस..



जगप्रेरणा लांजी।

*क्षेत्र में संचालित शैक्षणिक संस्था पाली अकादमिक संस्थान बिसोनी में विद्यालय तथा महाविद्यालय विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संस्थान की*

संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य की अध्यक्षता, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती श्रृद्धा कांड्रा महाविद्यालय के प्राचार्य भोजलाल लिल्हारे तथा संस्थान के प्रबंधक संजय चौरे के मार्गदर्शन में, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती तथा भारतीय समाज में सामाजिक-राजनैतिक परिवर्तन करने वाली नारीशक्तियों रानी अवन्तिबाई, सावित्रीबाई फुले, झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, फातिमा शेख, एवं रानी दुर्गावती के छायाचित्रो के समक्ष माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित कर की गई। तत्पश्चात् इस दिन को यादगार बनाने के लिए संस्थान की प्रत्येक नारीशक्ति-संचालिका महोदया, प्राचार्या, शिक्षिकाओं, प्राध्यापिकाओं तथा दीदी लोगो का सम्मान और अभिनंदन संस्थान के शिक्षकों, प्राध्यापकगणों के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। मंचीय प्रदर्शन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, भाषण, नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया गया। विश्व तथा भारतीय समाज में नारियों के योगदान, उनके महत्व, उपलब्धियों तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों के विषय में महाविद्यालय के प्राचार्य बी.एल. लिल्हारे, वरिष्ठ प्राध्यापक मेश्राम सर तथा प्रबंधक संजय चौरे द्वारा सारगर्भित उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। वहीं कार्यक्रम को और भी अधिक मनोरंजक बनाने के लिये संस्थान के पुरूष स्टाफके द्वारा सभी नारी शक्ति के लिये एक विशेष खेल का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने सहभागिता कर खेल का आनंद प्राप्त किया। इस दिवस के अवसर पर संस्थान की संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य ने अपने प्रेरणादायी संक्षिप्त उद्बोधन में बताया कि - अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का उद्देश्य समाज में महिलाओं को बराबरी का हक दिलाना साथ ही किसी भी क्षेत्र में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के मकसद से भी इस दिवस को मनाया जाता है। इस दिन महिलाओं के अधिकारों की तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित करने और उन्हें जागरूक करने के मकसद से कई कार्यक्रम और कैंपेन भी आयोजित किए जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। सर्वप्रथम इस दिवस को मनाने की शुरुआत वर्ष 1908 में हुई थी। जब न्यूयॉर्क शहर में 15 हजार महिलाओं ने काम के घंटे कम करने, बेहतर वेतन और वोट देने की मांग के साथ विरोध प्रदर्शन निकाला था। कार्यक्रम के अंत में संस्थान में कार्यरत समस्त नारीशक्तियों को संस्थान की संचालिका श्रीमती वैद्य के हस्ते स्मृति चिन्ह तथा उपहार प्रदान किए।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय विभाग से शिक्षक शिक्षिकाऐं जिनमें सामिया, ज्योति भीमटे, रोशनी, प्रतिभा, ममता बधारे , काजल चौरे, रोहिणी मैडम, नेहा मैडम, सुभद्रा कलपुरे मैडम, अलिशा खान, संध्या चौरे, यास्मिन खान , शिखा, ऐडे जी, श्रीवास जी, तरुण तिलवार, राजा विजयवार, निश्चल , सिफान सर, शुद्बोधन रामटेके, चन्द्रशेखर, योगेश सहारे, शुक्ला जी, तथा महाविद्यालय विभाग से अजित बोरकर, पटले जी, नगपुरे जी, भंडारकर जी, नागभिंडे जी, संतोष बोरकर , योगेश नंदनवार , संजय मेश्राम , गणेश सोनवाने, उमरे जी, राजेश गजभिए, एवं समस्त दीदी लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## रानी अवंतीबाई स्टेडियम में 18 से कोटेश्वर महोत्सव का आयोजन..






जगप्रेरणा लांजी।

*धर्म नगरी लांजी में विगत वर्ष से क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे एवं कोटेश्वर महोत्सव समिति के द्वारा भव्य कोटेश्वर महोत्सव का आयोजन किया गया था जो कि महाशिवरात्री पर्व के दौरान आयोजित किया जाता रहा है।*

इस वर्ष भी कोटेश्वर महोत्सव का आयोजन होना तय था लेकिन तारीखों को लेकर असमंजसता थी जो कि अब दुर हो चुकी विधायक राजकुमार कर्राहे एवं समिति के द्वारा जानकारी में बताया गया कि इस वर्ष कोटेश्वर महोत्सव का आयोजन 18 मार्च से 27 मार्च तक नगर के वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। कोटेश्वर महोत्सव को लेकर व्यापक तैयारियॉ पूर्ण की जा रही है। कोटेश्वर महोत्सव जो कि धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक लोक आस्था का उत्सव है जहां विविध आयोजन जनमानस को देखने को मिलेंगे। क्षेत्र की प्रतिभाऐं इस कोटेश्वर महोत्सव में प्रतिभागिता करते नजर आयेगी। स्कूली छात्र छात्राओं के लिये भी कोटेश्वर महोत्सव एक विशेष आयोजन होता जहां वे अपनी विभिन्न प्रकार की प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर सकते है। विगत वर्ष हमने ऐसे बहुतायत आयोजन कोटेश्वर महोत्सव के दौरान देखने को मिले थे साथ एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ था जो कि इस वर्ष भी हो सकता है। इसके अलाव अन्य और भी आध्यात्मिक सांस्कृतिक, लोक संगीत आदि की प्रस्तुतियॉ भी कोटेश्वर महोत्सव में दिखाई देगी। कोटेश्वर महोत्सव के आयोजन को लेकर क्षेत्र सहित आस पास की जनता में खासा उत्साह बना रहता है। आयोजन को सफल बनाने के लिये विधायक राजकुमार कर्राहे एवं समिति के सदस्यो के द्वारा व्यापक व्यवस्थाऐं बनाई जा रही है ताकि महोत्सव में क्षेत्र की जनता को कोई परेशानी ना हो और आसानी से कोटेश्वर महोत्सव पर्व का आनंद प्राप्त कर सके।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग
सबसे कम कीमत पर
समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..
जगप्रेरणा ग्राफिक्स
गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433





# पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने फिर से कराई भयंकर बेइज्जती, टूट गया 27 साल पुराना शर्मनाक रिकॉर्ड..

डेस्क जगप्रेरणा।

*पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने फिर से वही काम किया है, जो इससे पहले करती आ रही है। टी20 विश्व कप 2026 में तो पाकिस्तानी टीम का कारवां सुपर 8 के आगे नहीं जा पाया और अब टीम ने फिर से इंटरनेशनल क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया है।*



टीम ने एक और शर्मनाक रिकॉर्ड बनाकर अब से करीब 27 साल पुराना कीर्तिमान ध्वस्त कर दिया है। टीम का कोई भी बल्लेबाज रन नहीं बना पाया।

## बांग्लादेश के खिलाफ पूरी पाकिस्तानी टीम केवल 114 रन बनाकर आउट..

टी20 विश्व कप 2026 के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट एक बार फिर से शुरू हो गया है। पाकिस्तानी टीम तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश के दौरे पर है, जहां पहला मुकाबला आज खेला जा रहा है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम केवल 114 रन पर ही आउट हो गई। ध्यान रखिएगा ये वनडे मुकाबला है यानी पूरे 50 ओवर का मैच। टी20 नहीं जो 20 ओवर में खत्म हो जाए। टीम अपने कोटे के पूरे 50 ओवर नहीं खेल पाई और 30.4 ओवर में पवेलियन लौट गई।

## साल 1999 का सबसे छोटे स्कोर का रिकॉर्ड टूटा..

शाहीन शाह अफरीदी की कप्तानी में पाकिस्तान ने तो 114 रनों का स्कोर बनाया है, वो बांग्लादेश के खिलाफ टीम का सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले पाकिस्तान ने साल 1999 में बांग्लादेश के खिलाफ 161 रन बनाए थे।

लेकिन अब सबसे छोटे स्कोर का रिकॉर्ड टूट गया है। जब सीरीज का आगाज ही पाकिस्तान ने इतने शर्मनाक तरीके से किया है तो बचे हुए मैचों में क्या होगा, ये भी देखना काफी दिलचस्प होगा।

## पहले और आखिरी विकेट लिए हुई साझेदारी..

आपको एक और खास बात बताते हैं। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 41 रनों की पार्टनरशिप हुई थी। वहीं आखिरी विकेट के लिए 32 रन जोड़े गए। तब टीम का स्कोर 114 तक पहुंचा है, अगर ये साझेदारी नहीं हुई होती तो कहानी कुछ और ही होती। टीम के लिए सबसे ज्यादा 37 रन फहीम अशरफ ने बनाए, दूसरे बेस्ट स्कोरर साहिबजादा फरहार रहे, जिन्होंने 27 रन की पारी खेली।

## नाहिद राणा ने की कमाल की गेंदबाजी..

बांग्लादेश के लिए नाहिद राणा ने 7 ओवर में केवल 24 रन देकर 5 पाकिस्तानी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। जब पाकिस्तान के 5 विकेट गिरे थे, तब तक सारे विकेट नाहिद राणा ने ही लिए हुए थे। बाद में बाकी गेंदबाजों ने अपना काम किया। मेहंदी हसन मिराज ने तीन विकेट अपने नाम किए। तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान ने एक एक विकेट लिया।

# न मेहंदी-न सिंदूर और न भारी-भरकम लहंगा, सुर्ख लाल साड़ी में गौरव की दुल्हन बनीं कृतिका कामरा, देखें पहली तस्वीर..

डेस्क जगप्रेरणा।

*टीवी एक्ट्रेस कृतिका कामरा पिछले कुछ महीनों से एंकर और क्रिकेट प्रेजेंटर गौरव कपूर के साथ अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में बनी हुई थीं। अब आखिरकार ये कपल शादी के बंधन में बंध चुका है।*



जी हां, कृतिका कामरा अब मिसेज कपूर बन चुकी हैं। कपल ने आज, 11 मार्च 2026 को मुंबई में एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की, जिसमें बॉलीवुड और क्रिकेट जगत की कई नामी हस्तियां भी पहुंचीं। युवराज सिंह, जहीर खान से लेकर नेहा धूपिया, सोहा अली खान तक कृतिका और गौरव की शादी में शामिल हुए। अब जाकर शादी के बाद कृतिका और गौरव कपूर की भी पहली झलक सामने आई है, जिससे एक बात तो साफ है कि कपल ने बहुत ही साधारण अंदाज में शादी की है।

## शादी के बाद कृतिका-गौरव की पहली झलक..

शादी के बाद कृतिका और गौरव पैपराजी के लिए पोज देने के लिए आए, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। कृतिका का वेडिंग लुक सामने आने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा उन्हीं की हो रही है, जिन्होंने पारंपरिक दुल्हन की परिभाषा ही बदल दी है।

एक्ट्रेस ने बिना किसी तामझाम के शादी की और सिंपल सी लाल साड़ी में दुल्हन बनीं। न हाथ में मेहंदी, न मांग में सिंदूर, सिर्फ एक सुर्ख लाल साड़ी और गले में दो नेकलेस, ईयरिंग्स और हाथ में कड़ा, कुछ ऐसा था कृतिका का वेडिंग लुक, जिसकी अब हर तरफ चर्चा हो रही है। वहीं गौरव की बात करें तो उन्होंने एथनिक सूट पहना था, जिसमें वह डैशिंग लग रहे थे।

## कृतिका-गौरव ने की रजिस्टर्ड वेडिंग..

कृतिका और गौरव ने सिंपल रजिस्टर्ड वेडिंग की, जिसमें इनके परिजनों के अलावा बॉलीवुड और क्रिकेट जगत के करीबी दोस्त ही शामिल हुए। रिपोर्ट्स के अनुसार, ये सिंपल सी सादगी भी शादी गौरव कपूर के घर पर ही आयोजित हुई और अन्य बॉलीवुड वेडिंग्स से बेहद विपरीत रही। न कोई तामझाम और न ही हो-हल्ला, दोनों ने बहुत ही सादगी भरे अंदाज में शादी की और शादी के बाद बाहर आकर पैप्स को साथ में पोज दिए और इस दौरान दोनों के चेहरे पर नई जिंदगी शुरू करने की खुशी साफझलक रही थी।

## कृतिका के क्लासी लुक के फैन हुए लोग..

सोशल मीडिया पर कृतिका के लुक की काफी चर्चा हो रही है। कई ने जहां इसे 'क्लासी' बताया तो वहीं कुछ ने उनकी सादगी की तारीफ की। कपल ने इस शादी को बेहद निजी रखा था और शादी के बाद अपने दोस्तों के लिए आफ्टर पार्टी आयोजित की। वहीं कपल ने फोटोज के लिए पोज करते हुए मीडिया का शुक्रिया किया।

# धोनी को लेकर CSK का बड़ा खुलासा, पूरा सीजन खेलने के सवाल पर कही बड़ी बात..

डेस्क जगप्रेरणा।

*IPL 2026 के शेड्यूल का जल्द ऐलान होगा। 28 मार्च से लीग का आगाज होगा। पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स और डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच होने की संभावना है। इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से बड़ा अपडेट सामने आया है।*



चेन्नई सुपर किंग्स के **CEO** कासी विश्वनाथन ने महेंद्र सिंह धोनी को लेकर बड़ा खुलासा किया है। कासी विश्वनाथन ने कुछ दिन पहले ही धोनी के **IPL** 2026 में खेलने की पुष्टि की थी। अब उन्होंने एक और बड़ा अपडेट दिया है।

## पूरा सीजन खेलने की उम्मीद..

चेन्नई सुपर किंग्स के छ्रश्वह्र कासी विश्वनाथन ने कहा कि अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज एमएस धोनी के इंडियन प्रीमियर लीग के सभी मैचों में खेलने की उम्मीद है। हालांकि, उनके असली रोल के बारे में आखिरी फैसला टीम मैनेजमेंट करेगा। **IPL** का 19वां एडिशन 28 मार्च से शुरू होगा और सभी टीमों ने अपने ट्रेनिंग कैंप शुरू कर दिए हैं। हाल ही में **T20** वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी जल्द ही अपनी टीमों के साथ जुड़ेंगे और टूर्नामेंट की तैयारी शुरू करेंगे। ऐसी आशंका थी कि **CSK** के दिग्गज धोनी अपनी उम्र की वजह से **IPL** 2026 के सभी मैच नहीं खेल पाएंगे, लेकिन छ्रश्वह्र कासी विश्वनाथन ने इन चिंताओं को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा है कि उनके हिसाब से वह सभी मैच खेलेंगे। **TOI** से बातचीत में कासी विश्वनाथन ने यह जानकारी दी। जब उनसे पूछा गया कि टीम में अब एक और कीपर-बैटर सैमसन के होने से वह टूर्नामेंट में क्या रोल निभाएंगे, तो उन्होंने कहा कि वह यह नहीं बता सकते। यह एक क्रिकेटिंग फैसला है जो क्रिकेटिंग स्टाफ लेगा। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ नहीं। इसलिए वे तय करेंगे कि वह बैट्समैन के तौर पर खेलेंगे या विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर या फिर एक इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर।

## संजू और शिवम दुबे ने किया कमाल..

उन्होंने टीम इंडिया को **T20** वर्ल्ड कप को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन और शिवम दुबे की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि हम बहुत खुश हैं कि इंडिया ने वर्ल्ड कप जीता है, वो भी बैक-टू-बैक। हम बहुत खुश हैं क्योंकि **CSK** के दो प्लेयर्स संजू और शिवम दुबे ने बहुत अच्छा परफॉर्म किया है। इससे हमें टीम पर बहुत कॉन्फिडेंस मिलता है कि वह यहां भी छ्रस्य के लिए अच्छा करेगी। कैंप में प्लेयर्स की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि प्रैक्टिस अच्छी चल रही है, अभी तक कोई प्रॉब्लम नहीं हुई है।

# 'फिर ब्लड टेस्ट हैं', शोएब की बात सुन बैठ गया दीपिका कक्कड़ का दिल, नम हुई आंखें, बोलीं- डर लगता है...

डेस्क जगप्रेरणा।

*'ससुराल सिमर का' की सिमर यानी दीपिका कक्कड़ इब्राहिम लिवर कैंसर के बाद अब एक नई चुनौती का सामना कर रही हैं। पिछले दिनों ही एक्ट्रेस ने अपने ब्लॉग में बताया था कि उन्हें अचानक पेट में दर्द हुआ, जिसे लेकर वह काफी घबरा गईं। इसके बाद वह डॉक्टर के पास गईं और जांच के बाद पता चला कि उनके लिवर में नया सिस्ट बन गया है।*



फिलहाल दीपिका इसकी सर्जरी करवा चुकी हैं, लेकिन अब भी उनकी परेशानियां खत्म नहीं हो रही हैं। हाल ही में उनके पति और एक्टर शोएब इब्राहिम ने अपना नया ब्लॉग शेयर किया, जिसमें वह दीपिका को उनके आने वाले ब्लड टेस्ट के बारे में बताते दिखे और इसके बारे में सुनते ही दीपिका भावुक हो जाती हैं।

## भावुक हुईं दीपिका कक्कड़..

लिवर कैंसर से जूझ चुकीं दीपिका हाल ही में सिस्ट की सर्जरी से गुजरी हैं। अब उनके पति शोएब इब्राहिम ने उन्हें उनके ब्लड टेस्ट के बारे में बताया और ये सुनते ही दीपिका इमोशनल हो गईं। शोएब बताते हैं कि उन्होंने दीपिका के लिए एक नई डाइट और रूटीन बनाया है। वह अब सुबह 7 बजे उठती हैं और वॉक पर जाती हैं वहीं रात के 7 बजे के बाद उन्हें कुछ भी खाना मना है।

इसी दौरान दीपिका, शोएब से कोई रेसिपी ब्लॉग बनाने की इच्छा जाहिर करती हैं, लेकिन शोएब ये कहते हुए उन्हें रेसिपी ब्लॉग बनाने से मना कर देते हैं कि लंबे समय तक खड़े रहना उनकी सेहत के लिए ठीक नहीं रहेगा।

इसी बीच शोएब, दीपिका को याद दिलाते हैं कि ईद के बाद उनके ब्लड टेस्ट होने हैं। यह सुनते ही दीपिका भावुक हो गईं और उनके आंसू बहने लगे।

## शोएब को हुई दीपिका की चिंता..

शोएब, दीपिका का हाल देखने के बाद कहते हैं, 'वैसे तो ये बहुत स्ट्रॉन्ग रहती हैं, लेकिन कभी-कभी ये सारी बातें... अब जब मैंने कहा ब्लड टेस्ट हैं तो ये सोचकर ही वो इमोशनल हो गई।' वहीं दीपिका रोते हुए कहती हैं- 'मन में एक डर बैठ गया है। सब कहते हैं, यकीन रो। हर समय दिल से यही दुआ निकलती है कि सब ठीक रहे, लेकिन हम सब जानते हैं कि जो होना होगा, वो होगा। कोई बात नहीं।'

## दीपिका को हुआ था लिवर कैंसर

बता दें कि दीपिका कक्कड़ ने पिछले साल मई में बताया था कि वह स्टेज 2 लिवर कैंसर से जूझ रही हैं। जिसके बाद जून 2025 में उनका ट्यूमर रिमूवल ऑपरेशन हुआ। इस ऑपरेशन में उनके लीवर का 22 फीसदी हिस्सा अलग कर दिया गया था। सर्जरी के बाद दीपिका ने टारगेटेड थेरेपी भी ली, लेकिन फरवरी 2026 में वह और उनका परिवार तब फिर परेशान हो गया, जब उनके पेट में फिर से 1.3 सेंटीमीटर का सिस्ट बन गया। सिस्ट का पता लगने पर, दीपिका काफी परेशान हो गईं। इसे निकालने के लिए दूसरी सर्जरी की गई। यह सर्जरी सफल रही और अब दीपिका रिकवरी मोड पर हैं।

# इंग्लैंड में बजा भारतीय खिलाड़ियों का डंका, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष को मिला खरीददार..

डेस्क जगप्रेरणा।

*इंग्लैंड की मशहूर 100 बॉल लीग द हंड्रेड के ऑक्शन में 2 भारतीय सितारों ने महफिल लूटी। भारत की अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को सनराइजर्स लीड्स ने 27,500 पाउंड (करीब 34 लाख रुपये) में खरीदा, जिससे वह द हंड्रेड ऑक्शन में बिकने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं।*



दीप्ति शर्मा के लिए यह ऑक्शन खास रहा, क्योंकि इससे पहले वह दो सीजन तक लंदन स्पिरिट के लिए खेल चुकी थीं और अब वह सनराइजर्स लीड्स के साथ अपनी जर्नी का आगाज करेंगी। ऑक्शन में भारत की विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष को मैनचेस्टर सुपर जायंट्सने 50,000 पाउंड (करीब 61 लाख रुपये) में अपने साथ जोड़ा। वह इस टीम में पहले से मौजूद भारतीय स्टार स्मृति मंधाना के साथ खेलती नजर आएंगी। टीम ने ऑक्शन से पहले ही स्मृति के अलावा ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मैग लैनिंग और इंग्लैंड की स्टार स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन को सीधे साइन कर लिया था। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस बार ऑक्शन में हिस्सा नहीं लिया, जबकि जेमिमा रोड्रिगेज को पहले ही साउदर्न ब्रेव ने सीधे साइन कर लिया था। हालांकि, सभी भारतीय खिलाड़ियों की किस्मत नहीं चमकी। विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और युवा स्पिनर श्री चरणी को ऑक्शन में कोई खरीदार नहीं मिला और वे अनसोल्ड रह गईं।

## खास होगा नया सीजन..

द हंड्रेड 2026 का यह सीजन खास होगा क्योंकि पहली बार सभी 8 फ्रेंचाइजियां निजी स्वामित्व में खेलेंगी। ऑक्शन में कुल 178 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जबकि 28 खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजियों ने पहले ही रिटेन या सीधे साइन कर लिया था। कुछ फ्रेंचाइजी इंडियन प्रीमियर लीग **(IPL)** की टीमों से भी जुड़ी हैं। मैनचेस्टर सुपर जायंट्स, सनराइजर्स लीड्स और **MI** लंदन पूरी तरह **IPL** टीमों के स्वामित्व में हैं। वहीं, **GMR** ग्रुप के पास साउदर्न ब्रेव में 49त्न हिस्सेदारी है। तरुक्र ग्रुप दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक हैं।

## कब शुरू होगा टूर्नामेंट..

बता दें, द हंड्रेड 2026 के ऑक्शन में कुल 17 भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं, जिसमें से 6 पिछले साल वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रही हैं। लीग का छठा सीजन 21 जुलाई से शुरू होगा और 16 अगस्त तक चलेगा। वहीं, पुरुष खिलाड़ियों का ऑक्शन 12 मार्च यानी गुरुवार को आयोजित किया जाएगा।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

# वायरल गर्ल मोनालिसा प्यार में हुई गिरफ्तार, परिवार के विरोध के बाद बॉयफ्रेंड संग पहुंची थाने, फिर मंदिर में रचाई शादी...

डेस्क जगप्रेरणा।

*कुंभ मेले के दौरान सोशल मीडिया पर वायरल हुई इंदौर की मोनी भोसले उर्फमोनालिसा एक बार फिर सुर्खियों में है। हाल ही में मोनालिसा की पहली फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' का ट्रेलर जारी हुआ था और अब वह अपनी लव लाइफको लेकर चर्चा में हैं। मोनालिसा अब प्यार में गिरफ्तार हो चुकी हैं,*



जिसके लिए उन्होंने हाल ही में तिरुवनंतपुरम के थंपानूर पुलिस स्टेशन में शरण ली। हीरोइन बन चुकीं मोनालिसा अपने प्रेमी फरमान खान के साथ थंपापुर पुलिस स्टेशन पहुंचीं, जहां उन्होंने पुलिस से मदद की गुहार लगाई और फिर मंदिर में जाकर शादी के बंधन में बंध गईं। दोनों ने अपने परिवारों द्वारा उनके रिश्ते का विरोध करने के बाद एक सुरक्षित पनाहगाह के रूप में केरल में शरण मांगी थी, जो डेढ़ साल पहले फेसबुक पर शुरू हुआ था।

## रिश्ते के खिलाफ परिवार..

मध्य प्रदेश के इंदौर की रहने वाली मोनालिसा ने बताया कि उनके पिता उनके और फरमान खान के रिश्ते के खिलाफहैं, जो मूल रूप से महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। मोनालिसा ने पुलिस को बताया कि उनके पिता उन्हें किसी और से शादी करने के लिए मजबूर कर रहे थे, लेकिन वह फरमान के साथ रहना चाहती हैं। अभिनेत्री अपने प्रेमी के साथ उस समय स्टेशन पहुंची जब वह एक फिल्म की शूटिंग के लिए आई थीं। मोनालिसा की शिकायत के बाद उनके पिता जय सिंह भोसले को थंपानूर पुलिस स्टेशन बुलाया गया और फिर दोनों की शादी करा दी गई।

## मंदिर में रचाई शादी..

पुलिस ने परिवार को बताया कि, क्योंकि मोनालिसा 18 साल की है, इसलिए उसे यह तय करने का कानूनी अधिकार है कि वह किसके साथ रहना चाहती है।

इसके बाद मोनालिसा की कुछ तस्वीरें और वीडियो सामने आए, जिसमें फरमान उनकी मांग में सिंदूर भरते और मंगलसूत्र पहनाते नजर आए। मोनालिसा ने बुधवार को मंदिर में अपने प्रेमी से शादी कर ली। इस दौरान वह लाल रंग की साड़ी में नजर आईं और दुल्हे ने शर्ट और मुंडु पहनी थी।

## महाकुंभ में माला बेचते-बेचते हुईं फेमस..

मोनालिसा महाकुंभ मेला 2025 के दौरान सुर्खियों में आई थीं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले के दौरान मोनालिसा ने सोशल मीडिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। बाद में यह खबर आई कि मोनालिसा, सनोज मिश्रा द्वारा निर्देशित बॉलीवुड फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में मुख्य अभिनेत्री की भूमिका निभाएंगी। फिल्मों के साथ-साथ वह मॉडलिंग के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। बॉबी चेम्मनूर ज्वेलरी की ब्रांड एंबेसडर के तौर पर मोनालिसा का केरल में आगमन भी सुर्खियों में रहा था।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





## घरेलू रसोई गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद, घबराहट में सिलेंडर बुक न करें: पेट्रोलियम मंत्रालय..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि घरेलू रसोई गैस की जरूरतें पूरी करने के लिए देश के पास पर्याप्त भंडार मौजूद है और लोगों को घबराहट में आकर सिलेंडर बुक करने की जरूरत नहीं है।***

इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि घरेलू रिफाइनरी कंपनियों ने भी एलपीजी उत्पादन 25 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। इसके अलावा भारत होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आपूर्ति बाधित होने के बाद नए स्रोतों से कच्चा तेल लेने में भी सफल रहा है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यहां संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि सरकार के प्रयास घरों तक निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने पर केंद्रित हैं।

उन्होंने कहा कि भारत अपनी एलपीजी जरूरत का करीब 60 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है और इसका 90 प्रतिशत आयात होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते ही आता है। ऐसे में गैस आपूर्ति बाधित होने से वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के ऊपर घरेलू उपयोग को प्राथमिकता देने का सरकार ने फैसला किया है।

पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद मंत्रालय स्तर की पहली मीडिया ब्रीफिंग में शर्मा ने कहा, ÷ऐसी स्थिति में कुछ स्थानों से घबराहट में सिलेंडर की बुकिंग और गलत सूचना के कारण जमाखोरी किए जाने की खबरें मिली हैं। लेकिन लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। हमारे पास इसका पर्याप्त भंडार मौजूद है।''

उन्होंने कहा कि घरेलू एलपीजी की सामान्य आपूर्ति अवधि अब भी पहले की तरह लगभग 2.5 दिन ही है, लिहाजा उपभोक्ताओं को जल्दबाजी में सिलेंडर बुक करने की जरूरत नहीं है।

स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने घरेलू उत्पादन बढ़ाने और वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित करने के कदम उठाए हैं। रिफाइनरियों को अन्य ईंधन की कुछ आपूर्ति घटाकर एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे घरेलू एलपीजी उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए औद्योगिक एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों को मिलने वाली एलपीजी और एलएनजी आपूर्ति में कुछ कटौती की है, ताकि देश के 33 करोड़ से अधिक घरों तक रसोई गैस की नियमित आपूर्ति बनी रहे।

उन्होंने कहा कि गैर-घरेलू एलपीजी आपूर्ति में अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे आवश्यक क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि रेस्तरां, होटल और अन्य वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को एलपीजी आवंटन की समीक्षा के लिए तीन-सदस्यीय समिति बनाई गई है। यह समिति राज्य सरकारों और उद्योग संगठनों से परामर्श कर उपलब्ध एलपीजी का निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से वितरण सुनिश्चित करने की योजना तैयार कर रही है।

शर्मा ने बताया कि प्राकृतिक गैस की कुल खपत लगभग 18.9 करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन है, जिसमें से लगभग 9.75 करोड़ मानक घन मीटर गैस का ही देश में उत्पादन होता है और बाकी का आयात किया जाता है।

उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से आने वाली करीब 4.74 करोड़ मानक घन मीटर गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिसकी भरपाई के लिए वैकल्पिक स्रोतों से एलएनजी से भरे दो जहाज मंगाए गए हैं। ये जहाज भारत के लिए रवाना हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और ऊर्जा आपूर्ति बनाए रखने के लिए संबंधित मंत्रालयों एवं एजेंसियों के साथ समन्वय किया जा रहा है।

शर्मा ने कच्चे तेल की आपूर्ति को 'सुरक्षित' बताते हुए कहा, ''विविध स्रोतों से कच्चे तेल की खरीद किए जाने से इस समय देश को उससे अधिक मात्रा में तेल मिल रहा है, जितना सामान्य परिस्थितियों में इस दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग के रास्ते आता।''

उन्होंने ईंधन आपूर्ति की स्थिति का ब्योरा देते हुए कहा कि भारत में कच्चे तेल की दैनिक खपत लगभग 55 लाख बैरल है, जिसमें से करीब 55 प्रतिशत तेल पहले होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते सऊदी अरब, इराक और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों से आता था।

उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति बनने से इस मार्ग से तेल आपूर्ति प्रभावित होने के बाद पेट्रोलियम कंपनियों ने वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति बढ़ा ली है।

उन्होंने कहा, ÷इस विविधीकरण के बाद अब भारत के करीब 70 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर के मार्गों से हो रहा है, जबकि पहले यह लगभग 55 प्रतिशत था।÷

उन्होंने बताया कि देश की सभी तेल रिफाइनरियां इस समय पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

इस बीच, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी रोकने को लेकर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक की। बैठक में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी पर सख्ती से रोक लगाने और जरूरी आपूर्ति की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## एलपीजी की आपूर्ति बाधित होने से दिल्ली के लोग चिंतित, छात्र बाहर खाने को मजबूर..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***एलपीजी आपूर्ति को लेकर चिंता के बीच दिल्ली के लोगों और छात्रों की परेशानी बढ़ गयी है। कई परिवार इंडक्शन यानी इलेक्ट्रिक चूल्हे का उपयोग करने लगे हैं, जिससे उनके बिजली बिल बढ़ने का खतरा है।***

वहीं, किराये के मकानों में रहने वाले छात्र बाहर का खाना खाने को मजबूर हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि सीमित एलपीजी स्टॉक वाले परिवारों में इस स्थिति को लेकर चिंता है, क्योंकि उन्हें यह पता नहीं है कि उन्हें भरा हुआ सिलेंडर कब मिलेगा।

दिल्ली में लगभग 2,500 आरडब्ल्यूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन, यूनाइटेड रेजिडेंट्स ऑफ जॉइंट एसोसिएशन (यूआरजेए) के अध्यक्ष अतुल गोयल ने कहा कि कई निवासियों ने संगठन से संपर्क कर शिकायत की है कि उन्हें एलपीजी सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं और वे वैकल्पिक साधन अपनाने को मजबूर हैं।

गोयल ने कहा, ''कुछ लोग हमारे पास आकर कह रहे हैं कि उन्हें कहीं भी गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं और वे इंडक्शन चूल्हे का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं। लेकिन उन्हें डर है कि इससे बिजली बिल में काफी वृद्धि होगी और वे यह नहीं जानते कि वे कब तक इस तरह रह पाएंगे।''

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बीच सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक गैस के आवंटन के लिए प्राथमिकता क्रम में संशोधन किया है, जिसमें सीएनजी और पाइप वाली खाना पकाने की गैस के अलावा एलपीजी उत्पादन को शीर्ष पर रखा गया है। मुखर्जी नगर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष बी एन झा ने बताया कि यह समस्या विशेष रूप से उन छात्रों को प्रभावित कर रही है जो अकेले रहते हैं या पेइंग गेस्ट (पीजी) के रूप में रहते हैं। इस क्षेत्र में छात्रों की संख्या काफी अधिक है।

उन्होंने कहा कि कई छात्रों ने शिकायत की है कि उन्हें भरा हुआ एलपीजी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है और इसलिए वे बाहर का खाना खाने के लिए मजबूर हैं, जिससे दैनिक खर्च बढ़ रहा है। कुछ पीजी में, एलपीजी की कमी के कारण भोजन सेवा में भी कमी आई है।

झा ने कहा, ''छात्रों ने बताया है कि उन्हें भरा हुआ सिलेंडर नहीं मिल रहा है और वे बाहर खाने के लिए मजबूर हैं। कुछ पीजी में, रहने वाले लोगों ने बताया है कि पिछले कुछ दिन से भोजन की मात्रा कम कर दी गई है, और कुछ पीजी में तो दिन में केवल एक बार ही भोजन दिया जा रहा है।''

मॉडल टाउन आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि लोग अपने बची एलपीजी के समाप्त होने को लेकर चिंतित हैं।

गुप्ता ने कहा, ''कई लोग अपनी बुकिंग की पुष्टि सुनिश्चित करने के लिए हर सुबह स्थानीय वितरकों के पास जा रहे हैं। एक व्यक्ति ने बताया कि वह जिस एलपीजी सिलेंडर का उपयोग कर रहा है वह लगभग खत्म होने वाला है, लेकिन उसे कहीं से भी भरा सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।''

## पश्चिम एशिया संकट के बीच तेल तिलहन कीमतों में मजबूती जारी..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***पश्चिम एशिया में युद्ध का संकट बने रहने के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में बुधवार को सरसों मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, पाम एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतों में मजबूती देखी गई।***

मलेशिया और शिकॉगो एक्सचेंज में मजबूती का रुख है। बाजार सूत्रों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले पश्चिम एशिया में ईरान तथा अमेरिका एवं इजराइल युद्ध के जल्द समाप्त होने की उम्मीद जतायी थी जिसके बाद संकट टलने की उम्मीद में मंगलवार को मंडियों में गिरावट आई थी। लेकिन फिलहाल इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं होने के बीच बाजार में असमंजस की स्थिति है। युद्धरत देशों के बीच तनाव बना हुआ है और आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। ऐसे में बुधवार को फिर से खाद्य तेल-तिलहनों के दाम मजबूत हो गये।

उन्होंने कहा कि सरसों और सोयाबीन के किसान नीचे भाव में अपना माल नहीं बेचना चाहते हैं। ऐसे में बाजार में उपलब्धता कम है। मंडियों में किसानों को इन दोनों ही तिलहनों के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के आसपास मिल रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर, सूरजमुखी, कपास नरमा (जिससे बिनौला निकलता है) और मूंगफली के दाम एमएसपी से नीचे चल रहे हैं। कपास नरमा का भाव एमएसपी से लगभग 10 प्रतिशत नीचे है। इस वजह से मंडियों में नरमा की आवक भी कम है। बुधवार को कपास नरमा की आवक मंगलवार के लगभग एक लाख गांठ से घटकर लगभग 80 हजार गांठ रह गई।

सूत्रों ने कहा कि मौजूदा बाजार स्थिति को देखते हुए प्रतीत होता है कि सरकार को सरसों की खरीद का मौका नहीं मिल पायेगा। अगर मंडियों में किसान को एमएसपी से थोड़ा बहुत कम दाम भी मिले तो वे सरकार के बजाय मंडियों में बेचना पसंद करते हैं। सरकारी खरीद होने पर उन्हें मंडी में जाने के लिए प्रवेश पत्र, कागजातों पर अंगूठे का निशान लगाने, नमी वाली फसलों की जांच, बाकी अन्य कागजी कार्रवाई इत्यादि जैसी तमाम औपचारिकताओं को पूरा करने लिए समय लगाना पड़ता है जो दिक्कत उन्हें मंडियों में नहीं आती।

उन्होंने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज मजबूत रहने से पाम-पामोलीन तेल के दाम में भी पर्याप्त सुधार आया। सूरजमुखी और मूंगफली के महंगा होने से बिनौला तेल के दाम में भी पर्याप्त सुधार देखा गया।

सूत्रों ने कहा कि मौजूदा नाजुक दौर में तेल-तिलहन के संबंध में किसी जिम्मेदार संगठन के पदाधिकारी को ही उपलब्धता के संदर्भ में कोई सार्वजनिक टिप्पणी करनी चाहिये। तेल संगठनों के पदाधिकारियों से अलग किसी अन्य के बयान से सट्टेबाजी को बल मिल सकता है।

तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहेः

सरसों तिलहन - 6,725-6,750 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 7,000-7,475 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,875 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,670-2,970 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 13,950 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,350-2,450 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,350-2,495 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,100 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 14,750 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 11,850 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,000 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 13,900 रुपये प्रति क्विंटल।


पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 14,600 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 13,550 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 5,650-5,700 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 5,250-5,300 रुपये प्रति क्विंटल।

## केंद्र का किसानों से ई-केवाईसी पूरा करने का आग्रह



नयी दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्र सरकार ने बुधवार को किसानों से पीएम-किसान पोर्टल पर अपने विवरण को सत्यापित करने और जल्द से जल्द ई-केवाईसी पूरा करने का आग्रह किया। यह आग्रह 13 मार्च को 18,640 करोड़ रुपये की 22वीं किस्त जारी होने से पहले किया गया है।***

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी असम के गुवाहाटी से 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' (पीएम-किसान) योजना के तहत 9.32 करोड़ पंजीकृत किसानों के खातों में यह राशि डिजिटल माध्यम से हस्तांतरित करेंगे।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश भर के किसानों, विशेष रूप से असम के किसानों से अपील की है कि वे पीएम-किसान पोर्टल पर अपनी जानकारी की स्थिति की जांच करें।

उन्होंने एक बयान में कहा, ''यदि आवश्यक हो, तो जल्द से जल्द ई-केवाईसी पूरा करें, ताकि 13 मार्च को जारी होने वाली 22वीं किस्त का लाभ उनके खातों में समय पर पहुंच सके।''

लाभार्थियों की सहायता के लिए, पोर्टल पर 'अपनी स्थिति को जानों (केवाईएस)' नामक एक मॉड्यूल उपलब्ध कराया गया है। यह मॉड्यूल भुगतान की स्थिति, पात्रता, भूमि विवरण, आधार जोड़ने और ई-केवाईसी की स्थिति जैसी सभी जानकारियों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। सरकार ने चेहरे की पहचान पर आधारित एक मोबाइल ऐप भी पेश किया है, जिससे किसान बिना किसी ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाइस की आवश्यकता के, घर बैठे ही अपना ई-केवाईसी पूरा कर सकते हैं। राज्य और ग्राम स्तर के नोडल अधिकारी इस कार्य में अतिरिक्त सहायता प्रदान कर रहे हैं।

मंत्रालय का कृत्रिम मेधा-आधारित वॉयस चैटबॉट 'किसान-ईमित्र' 11 क्षेत्रीय भाषाओं में चौबीसों घंटे सहायता प्रदान कर रहा है, और अब तक इसने लाखों किसानों के प्रश्नों का समाधान किया है।

अपात्र लाभार्थियों को बाहर करने के लिए एक मजबूत सत्यापन प्रणाली लागू की गई है, जबकि संपन्न किसानों के लिए अपनी पात्रता स्वेच्छा से छोड़ने (स्वैच्छिक समर्पण) की सुविधा भी शुरू की गई है। उन किसानों को फिर से जोड़ने के लिए भी व्यवस्था की गयी है, जिन्होंने अनजाने में अपनी पात्रता छोड़ दी थी। 22वीं किस्त प्राप्त करने वाले लाभार्थियों में 2.15 करोड़ से अधिक महिला किसान हैं। इस योजना के तहत, पात्र किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6,000 रुपये की राशि तीन समान किस्तों में दी जाती है, जिसे 'प्रत्यक्ष लाभ अंतरण' (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में जमा किया जाता है। इस किस्त के जारी होने के साथ, पीएम-किसान के तहत वितरित कुल राशि 4.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी।






## राजमार्ग इन्फ्रा इनविट के आईपीओ को पहले दिन 16 प्रतिशत अभिदान मिला..




नई दिल्ली, (भाषा)।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) समर्थित 'राजमार्ग इन्फ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट' (आरआईआईटी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली खुलने के पहले दिन बुधवार को 16 प्रतिशत अभिदान मिला।

एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक, 6,000 करोड़ रुपये के इस आईपीओ को 21,33,33,150 यूनिट के मुकाबले 3,39,46,950 यूनिट के लिए बोलियां प्राप्त हुईं।

संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में 20 प्रतिशत अभिदान मिला, जबकि अन्य निवेशकों के खंड को 11 प्रतिशत अभिदान मिला है।

राजमार्ग इन्फ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) ने मंगलवार को प्रमुख निवेशकों से 1,728 करोड़ रुपये जुटाए थे। इनमें एलआईसी, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, कोटक महिंद्रा लाइफइंश्योरेंस और बजाज लाइफ इंश्योरेंस शामिल हैं।इस बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट (इनविट) के आईपीओ के लिए 99-100 रुपये प्रति यूनिट का मूल्य दायरा तय किया गया है। यह निर्गम 13 मार्च को बंद होगा।

यह पहल राष्ट्रीय राजमार्ग बुनियादी ढांचे के विस्तार में सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सार्वजनिक निवेश ट्रस्ट का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग संपत्तियों से राजस्व जुटाने की संभावनाओं को खोलना है, साथ ही छोटे और घरेलू निवेशकों के लिए एक उच्च गुणवत्ता वाला लंबी अवधि का निवेश माध्यम तैयार करना है।

निर्गम के मसौदा प्रस्ताव के मुताबिक, राजमार्ग इन्फ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट के आईपीओ का कुल आकार 6,000 करोड़ रुपये तक है। इस निवेश ट्रस्ट (इनविट) के शुरुआती परियोजना समूह में झारखंड, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक की पांच टोल संग्रह सड़कें शामिल हैं। ये पांच टोल सड़कें 260 किलोमीटर से अधिक लंबी हैं और 'स्वर्ण चतुर्भुज' परियोजना का हिस्सा हैं।





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## किम जोंग उन ने बेटी संग देखा मिसाइलों का परीक्षण, बेटी को दे रहे तानाशाही की ट्रेनिंग!..

*उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन अपनी किशोर बेटी के साथ युद्धपोत से दागी गई रणनीतिक क्रूज मिसाइलों के परीक्षण देखने पहुंचे। माना जा रहा है कि तानाशाह शासक अपनी बेटी को अपने उत्तराधिकारी के तौर पर ट्रेनिंग देने की शुरुआत कर चुके हैं।*

सरकारी मीडिया ने बुधवार को बताया कि इस दौरान उत्तर कोरिया ने अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास के जवाब में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी यानी कि **KCNA** द्वारा जारी की गई तस्वीरों में दोनों पिता-पुत्री एक कॉन्फ्रेंस रूप में बैठकर एक स्क्रीन पर मिसाइलों की लॉन्चिंग की पूरी कार्रवाई देख रहे थे।

### पुराने नौसेना डिस्ट्रॉयर से छोड़ी गईं मिसाइलें..

बता दें कि ये क्रूज मिसाइलें एक साल पुराने नौसेना डिस्ट्रॉयर 'चोए ह्योन' से छोड़ी गई थीं। चष्टह्र ने बताया कि किम जोंग उन ने मंगलवार को वीडियो के जरिए इन मिसाइलों की लॉन्चिंग को देखा। उन्होंने कहा कि 'शक्तिशाली और भरोसेमंद परमाणु युद्ध रोकथाम' बनाए रखना बहुत जरूरी है। चष्टह्र की खबर में उनकी बेटी का नाम नहीं लिया गया, हालांकि उनका नाम किम जू ए बताया जाता है, और उनकी उम्र करीब 13 साल है। दिसंबर 2022 से वह अपने पिता के साथ सैन्य परेड और हथियार परीक्षण जैसे कई बड़े कार्यक्रमों में शामिल होती रही हैं।



### लक्ष्य पर मिसाइलों ने लगाया सटीक निशाना..

साउथ कोरिया की खुफिया एजेंसी ने पिछले महीने कहा था कि किम जोंग उन जल्द ही अपनी बेटी को अपना उत्तराधिकारी घोषित करने वाले हैं। चष्टह्र के मुताबिक, मिसाइलें नॉर्थ कोरिया के पश्चिमी तट के पास लक्ष्य वाले द्वीपों पर सटीक निशाना लगाने में कामयाब रहीं। किम जोंग उन ने कहा कि इन परीक्षणों का मकसद नेवी की रणनीतिक ताकत को दिखाना और सैनिकों को हथियार चलाने का अभ्यास कराना था। बता दें कि पिछले हफ्ते किम जोंग उन ने खुद 'चोए ह्योन' युद्धपोत से इसी तरह के क्रूज मिसाइल परीक्षण देखे थे, लेकिन उस समय उनकी बेटी उनके साथ नहीं थीं।

### किम यो जोंग ने भी दी थी कड़ी चेतावनी..

मंगलवार को हुए इन मिसाइल परीक्षणों का समय भी खास है। ठीक उसी दिन अमेरिका और दक्षिण कोरिया के वसंतकालीन सैन्य अभ्यास शुरू हुए थे। उत्तर कोरिया इन्हें 'आक्रमण का रिहर्सल' मानता है। इसी दिन किम जोंग उन की बहन और वरिष्ठ अधिकारी किम यो जोंग ने चेतावनी दी कि ये अभ्यास एक बार फिर अमेरिका और दक्षिण कोरिया की 'उत्तर कोरिया के प्रति पुरानी और गहरी नफरत' को सामने लाते हैं। उन्होंने कहा, 'हम अपने किसी भी जंग को नेस्तनाबूद कर देने की अपनी शक्ति से दुश्मनों को समझा देंगे।'

### सोमवार को शुरू हुआ था 'फ्रीडम शील्ड'..

'फ्रीडम शील्ड' नाम का यह 11 दिन का अभ्यास सोमवार को शुरू हुआ था और ज्यादातर कंप्यूटर सिमुलेशन पर आधारित कमांड पोस्ट एक्सरसाइज है। इसके साथ फील्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम भी चल रहा है। उत्तर कोरिया अक्सर इन दोनों देशों के अभ्यासों का जवाब अपने हथियार परीक्षणों से देता है।

## सफाईकर्मी की बेटियों की शादी में भात भरने पहुंचे थाने वाले..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*राजस्थान में एक थाने के कर्मियों ने वहां काम करने वाली सफाई कर्मचारी की दो बेटियों की शादी में 'भात' भरकर मिसाल कायम की है। उन्होंने इस शादी में महिला के पीहर पक्ष के ओर से तय यह रस्म निभायी।*



दरअसल कोटपूतली-बहरोड़ जिले के नारायणपुर थाने में ललिता देवी लगभग चालीस साल से सफाई कर्मचारी के रूप में काम करती हैं। थानाधिकारी रोहिताश ने 'भाषा' को बताया कि ललिता देवी नारायणपुर के वाल्मीकि मोहल्ला में अपने पीहर में ही रहती है और उनके भाई नहीं है। रोहिताश के अनुसार ललिता ने हाल में अपनी दो बेटियों की शादी तय की तो उन्हें नहीं पता था उसकी बेटियों का 'मायरा (भात)' भरने कौन आएगा। राजस्थान में 'भात' या 'मायरा' किसी भी शादी विवाह का एक प्रमुख रस्म है। इसमें दुल्हन या दूल्हे के मामा अपनी बहन के बच्चों की शादी में शामिल होने आते हैं और उसे यथोचित उपहार, वस्त या नकदी देते हैं। जंसि महेंला की संतान की शादी होती है उसके लोंए यह रस्म बड़े चाव वाली होती है। थानाधिकारी ने बताया कि जब यह बात सामने आई तो उपमहानिरीक्षक एवं जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई के मार्गदर्शन में थाने ने ही ललिता के भाई की जिम्मेदारी उठाने का फैसला किया।

उन्होंने बताया कि इन लड़कियों की शादी से एक दिन पहले मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नाजिम अली खान, वृत्ताधिकारी मेधा गोयल और थानाधिकारी रोहिताश थाने के सभी कर्मियों को लेकर ललिता देवी के घर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों ने ललिता के भाई का फर्ज निभाते हुए रस्म के तौर पर 1,61,000 रुपए नगदी, दो सिलाई मशीनें, दोनों बेटियों के लिए 5-5 जोड़ी कपड़े और सम्पूर्ण परिवार के लिए नए वस्त्र और अन्य जरूरी सामान उपहार के रूप में दिया। थानाधिकारी के अनुसार जब पुलिस अधिकारी और जवान सिर पर साफा बांधकर मायरा लेकर पहुंचे तो ललिता देवी की आंखें छलक आई। पुलिसकर्मियों के इस मानवीय चेहरे की खूब चर्चा है।

## गुजरात आ रहे थाई कार्गो शिप पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला, लगी भीषण आग, 20 क्रू मेंबर बचाए गए, तीन लापता..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बैंकॉक पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में गुजरात की ओर जा रहे थाई ध्वज वाले एक मालवाहक जहाज पर अज्ञात मिसाइल से हमला हुआ,*




जिससे जहाज में आग लग गई और बचाव अभियान शुरू किया गया। इस दौरान 20 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि तीन जहाज पर ही फंसे रह गए।

समुद्री सुरक्षा सूत्रों और जहाज ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, मयूरी नारी नामक इस जहाज को ओमान के उत्तरी तट से लगभग 11 समुद्री मील दूर निशाना बनाया गया था। थाईलैंड सरकार ने पुष्टि की है कि घटना के बाद 20 चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया, जबकि तीन चालक दल के सदस्य अभी भी जहाज पर मौजूद हैं।

### मिसाइल हमले से लगी आग..

थाईलैंड की रॉयल नेवी और यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस दोनों ने 11 मार्च को होर्मुज जलडमरूमध्य में एक कार्गो शिप पर हमले की सूचना दी थी।

तस्वीरों और समुद्री अभिलेखों से पोत की पहचान थाई ध्वज वाले मालवाहक पोत मयूरी नारी के रूप में हुई। इसकी पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन संख्या के साथ-साथ शिप पर लगे झंडे और उसके ऊपरी ढांचे के मिलान से की गई, जो शिप की पुरानी तस्वीरों से मेल खाते थे। पता चला कि यह कार्गो शिप प्रेशियस शिपिंग का है। जानकारी के मुताबिक किसी मिसाइल के हमले में शिप में आग लग गई।

हालांकि बाद में आग पर काबू पा लिया गया।समुद्री सूत्रों के अनुसार, ओमान की नौसेना ने क्षेत्र में बचाव अभियान चलाया और पोत के 23 चालक दल सदस्यों में से 20 को सुरक्षित निकाल लिया गया।

### हमले के समय ओमान तट से दूर था शिप..

निकासी के बाद तीन चालक दल के सदस्य जहाज पर ही रह गए। अधिकारियों ने अभी तक उनकी हालत या जहाज को हुए नुकसान के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। समुद्री ट्रैकिंग सिस्टम से प्राप्त आंकड़ों से पुष्टि हुई है कि यह घटना ओमान के उत्तरी तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में घटी, जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है।11 मार्च को जहाज की अंतिम दर्ज स्थिति के अनुसार, हमले के समय वह ओमान के तट से लगभग 11 समुद्री मील दूर था।

## ओडिशा के केंद्रपाड़ा में मगरमच्छ के हमले में मछुआरे की मौत..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान के बाहरी इलाके में स्थित एक गांव में मगरमच्छ के हमले में 48-वर्षीय एक मछुआरे की मौत हो गई। एक वन अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बाद में वन और दमकल कर्मियों ने नदी से क्षत-विक्षत शव बरामद किया।*

अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार दोपहर को महाकालपाड़ा वन क्षेत्र के बौलाकानी गांव में हुई। मछुआरा देबा कुमार मंडल जब मछली पकड़ने के लिए जाल डाल रहा था, तभी एक मगरमच्छ उसे पानी में खींच ले गया। उन्होंने बताया कि उसका शव बुधवार को बरामद किया गया। राजनगर मैंग्रोव (वन्यजीव) वन प्रभाग के संभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) वरदराज गांवकर ने कहा कि यद्यपि यह घटना राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से बाहर हुई, लेकिन पोस्टमार्टम के बाद मृतक मछुआरे के परिजनों को अनुग्रह राशि भुगतान योजना के तहत राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों के साथ संघर्ष के परिणामस्वरूप होने वाली मौतों के लिए संशोधित अनुग्रह राशि के अनुसार, वन विभाग शोक संतप्त परिवार को 10 लाख रुपये प्रदान करेगा।




## थानेदार की बेवफाई से टूटी युवती

## शादी का भरोसा देकर 8 साल तक बनाए रखा संबंध, फिर दूसरी लड़की से गुपचुप रचा ली शादी..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बिहार की राजधानी पटना से प्यार, भरोसा और रिश्ते को लेकर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पटना के पटेल नगर में रहने वाली एक युवती ने अपने प्रेमी राहुल कुमार*



पर धोखा देने का गंभीर आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि बैरगनिया में तैनात थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने करीब 8 साल तक उससे शादी का वादा कर संबंध बनाए रखा, लेकिन 9 मार्च को चुपचाप किसी दूसरी लड़की से शादी कर ली। पीड़िता के अनुसार, जब उसे इस शादी की जानकारी मिली तो वह पूरी तरह टूट गई। उसने आरोप लगाया कि इतने लंबे समय तक रिश्ते में रखने के बाद युवक ने अचानक उसे धोखा देकर दूसरी शादी कर ली। बताया जा रहा है कि आरोपी राहुल कुमार फिलहाल सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया में थानाध्यक्ष **(SHO)** के पद पर तैनात है।

### सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल..

मामले में एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें थाना प्रभारी और उनकी कथित प्रेमिका साथ नजर आ रहे हैं। न्याय की मांग को लेकर पीड़िता ने सीतामढ़ी के पुलिस अधीक्षक **(SP)** को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

### 'न्याय मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी'..

इसके अलावा, पटना के शास्त्री नगर थाना में भी इस मामले को लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है।

पीड़िता का कहना है कि जब तक उसे न्याय नहीं मिलेगा, वह अपनी लड़ाई जारी रखेगी। फिलहाल, इस मामले को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## ऑनलाइन गेमिंग में कर्ज से परेशान पिता ने रची बेटे के अपहरण की साजिश, गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*मेरठ, 11 मार्च (भाषा) उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में पुलिस ने एक नाबालिग के कथित अपहरण और छह लाख रुपये की फिरौती मांगने के मामले का खुलासा करते हुए उसके पिता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।*



पुलिस के अनुसार आरोपी ने ऑनलाइन गेमिंग में हुए नुकसान के बाद कर्ज से बचने के लिए अपने ही बेटे के अपहरण की फर्जी साजिश रची थी। पुलिस ने बुधवार को बताया कि कंकरखेड़ा थानाक्षेत्र के अशोक नगर नंगलाताशी निवासी दीपक ने 10 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका 15 वर्षीय पुत्र हर्ष कुमार उर्फहनी नौ मार्च को कोचिंग जाने के बाद घर नहीं लौटा। शिकायत में यह भी कहा गया था कि अज्ञात लोगों ने फोन कर बेटे को छोड़ने के बदले छह लाख रुपये की फिरौती मांगी है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और 'स्वाट टीम' ने संयुक्त रूप से जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और परिवार के सदस्यों से पूछताछ की। इस दौरान वादी दीपक के बयान संदिग्ध पाए गए। पुलिस के अनुसार सख्ती से पूछताछ करने पर दीपक ने स्वीकार किया कि उसने ही पूरी साजिश रची थी। दीपक ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उसने विभिन्न बैंकों के क्रेडिट कार्ड से पैसे लेकर ऑनलाइन गेमिंग ऐप 'चिल चैट' पर खर्च कर दिए थे तथा बाद में उसने ऑनलाइन लोन ऐप से करीब दो लाख रुपये का कर्ज लिया, जिसे भी वह गेमिंग में हार गया।

दीपक ने पुलिस से कहा कि इससे उस पर करीब सात से आठ लाख रुपये का कर्ज हो गया था।उसने पुलिस को बताया कि कर्ज और किस्तों के दबाव से परेशान होकर उसने अपने बेटे को बहला-फुसलाकर छिपा दिया और फिरौती की मांग की कहानी गढ़ दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बुआ को बचाने के प्रयास में गंगा में डूबने से हुई तीन युवकों की मौत..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

भागलपुर, 11 मार्च (भाषा) बिहार में भागलपुर जिले के घोघा थानाक्षेत्र में बुधवार को गंगा नदी में डूबने से एक ही परिवार के तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब दो सगे भाइयों समेत तीन युवक गंगा में डूब रही अपनी बुआ को बचाने के लिए नदी में कूद गए। पुलिस का कहना है कि गहरे पानी में चले जाने पर तीनों की डूबने से मौत हो गई, हालांकि उनकी बुआ बच गई।

पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान कृष्ण कुमार (26), उसके सगे भाई सनी कुमार (24) और बॉबी कुमार (26) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार यह परिवार दिल्ली में रहता है और मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने घोघा में अपने रिश्तेदार के घर आया हुआ था। पुलिस का कहना है कि डूब रही महिला को बचा लिया गया और उसे एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह मुंडन कार्यक्रम के दौरान परिवार के लोग गंगा स्नान के लिए गए थे, उसी दौरान एक महिला डूबने लगी। थाना प्रभारी के मुताबिक महिला को बचाने के प्रयास में तीनों युवक नदी में कूद पड़े, लेकिन तेज धारा में बहकर गहरे पानी में चले जाने से उनकी मौत हो गई। पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए मायागंज अस्पताल ले गयी है और मामले की जांच की जा रही है।







व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

भुमेश्वर धमगाये गोरेगांव
मो. 9637631171

## झूठों के बाजार में सच का व्यापार नहीं करता, मै अपने नाम का झूठा प्रचार नहीं करता- कवि हेमंत 'ईमानदार'..

### महिला दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन..





जगप्रेरणा गोंदिया।

*अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति लोधी समाज, गोंदिया द्वारा दिनांक 8 मार्च 2026, रविवार को एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।*

कार्यक्रम बड़े ही सुंदर और अनोखे अंदाज़ में सम्पन्न हुआ, जिसमें साहित्य और नारी सम्मान का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत आमगांव के सुप्रसिद्ध कवि हेमंत 'ईमानदार' की ओजस्वी पंक्तियों से हुई - झूठों के बाज़ार में सच का व्यापार नहीं करता, मैं अपने नाम का झूठा प्रचार नहीं करता। जो दिल में रहता है वही मंचों से कह देता हूँ, इसलिए 'ईमानदार' हूँ जनाब, मैं झूठ का सिंगार नहीं करता। इन प्रभावशाली पंक्तियों ने पूरे सभागार में जोश और उत्साह का माहौल बना दिया। इस अवसर पर माननीय विधायक विनोद अग्रवाल जी की धर्मपत्नी श्रीमती सविता विनोद अग्रवाल तथा नगर अध्यक्ष सचिन शेंडे जी की धर्मपत्नी श्रीमती आशा सचिन शेंडे की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का संयोजन एवं प्रभावशाली संचालन कवि हेमंत 'ईमानदार'(आमगांव) द्वारा किया गया। कवयित्री मंजू कारेमोरे 'पुष्प' (नागपुर) ने महिलाओं की स्थिति पर आधारित अपनी प्रसिद्ध कविता 'पिंजरा' का भावपूर्ण पाठ कर श्रोताओं को भावुक कर दिया और समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं चंद्रेश तूफानी (मॉयल नगरी भरवेली, बालाघाट) से पधारे कवि ने अपनी दमदार कविता 'हर घर में रावण देखा' सुनाकर श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नारी शक्ति समिति, लोधी समाज गोंदिया का विशेष योगदान रहा। साथ ही मिलन समारोह समिति, गोंदिया एवं सभी पदाधिकारीगणों का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ, जिनकी बदौलत महिला दिवस का यह आयोजन यादगार बन गया।

## सशक्त पंचायत नेत्री अभियान' में गोंदिया का डंका जि. प. सदस्या कल्पना वालोदे करेंगी जिले का प्रतिनिधित्व

### नई दिल्ली के डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में राष्ट्रीय स्तर का आयोजन..




जगप्रेरणा देवरी।

ग्रामीण क्षेत्र की महिला नेतृत्व को मजबूती देने के लिए केंद्र सरकार की ओर से नई दिल्ली में आयोजित 'सशक्त पंचायत नेत्री अभियान' नामक राष्ट्रीय परिषद में गोंदिया जिले का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान जिला परिषद सदस्या कल्पना नितेश वालोदे को मिला है। इस चयन से जिले के गौरव में एक और उपलब्धि जुड़ गई है और हर ओर उनकी सराहना हो रही है।

### महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कदम..

देश की राजधानी स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में 11 मार्च 2026 को इस भव्य परिषद का आयोजन किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पंचायत राज व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका को अधिक प्रभावी बनाना, स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना और ग्राम स्तर के विकास कार्यों में महिला नेतृत्व को सक्षम बनाना है। इस पहल में देशभर से चुनिंदा महिला पंचायत प्रतिनिधियों को शामिल होने का अवसर मिला है।

### कल्पना वालोदे के कार्यों की सराहना..

कल्पना नितेश वालोदे गोंदिया जिला परिषद में अत्यंत सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक गतिविधियों में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उनके इसी निरंतर कार्य को देखते हुए केंद्र सरकार ने उन्हें इस राष्ट्रीय अभियान के लिए चुना है। इस कार्यशाला में उन्हें विभिन्न विशेषज्ञों और प्रशासनिक अधिकारियों से नेतृत्व कौशल, ग्राम विकास योजनाओं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर गहन मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

### जिले के लिए गर्व की बात..

'राष्ट्रीय स्तर की इस परिषद से मिलने वाला ज्ञान और अनुभव गोंदिया जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए उपयोगी साबित होगा। इसके माध्यम से जिले की ग्राम पंचायतों की महिला प्रतिनिधि और अधिक सक्षम रूप से कार्य कर सकेंगी'। ऐसा विश्वास व्यक्त किया जा रहा है। इस परिषद में कल्पनाताई वालोदे को देश के विभिन्न राज्यों की महिला प्रतिनिधियों के साथ संवाद करने और उनके अनुभवों से सीखने का अवसर मिलेगा। उनके इस चयन पर देवरी क्षेत्र सहित पूरे गोंदिया जिले से उन पर शुभकामनाओं की वर्षा हो रही है।

## चलती ओमनी में लगी आग, चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा..





जगप्रेरणा तिरोडा।

*तिरोडा बस स्थानक के सामने मुख्य मार्ग पर बुधवार को एक चलती ओमनी गाड़ी में अचानकआग लगने से कुछ* समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तुमसर से गोंदिया की ओर जा रही ओमनी गाड़ी क्रमांक **MH 31 CS 692**में चलते समय अचानक आग लग गई। घटना का पता चलते ही चालक ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए गाड़ी को मुख्य सड़क के किनारे रोक दिया और बाहर निकल गया। गाड़ी में चालक के अलावा कोई अन्य व्यक्ति सवार नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय नागरिकों ने तुरंत तिरोडा नगर परिषद के फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम महज चार-पांच मिनट में मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया। आग लगने की घटना के कारण कुछ समय के लिए दोनों ओर यातायात ठप हो गया, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को सुचारू किया। हालांकि आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लेने से एक बड़ा हादसा टल गया।

## विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पैरेंटिंग कार्यक्रम का आयोजन..



जगप्रेरणा आमगांव।

*दिनांक 14/3/2026, शनिवार को के.के. इंग्लिश प्राइमरी स्कूल में पैरेंटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।*

आज के मोबाइल के दुरुपयोग जैसी प्रतिकूल परिस्थिति में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकासऔर पालकों को उत्तम मार्गदर्शन मिलने के उद्देश्य से के.के. इंग्लिश प्राइमरी स्कूल ने दिनांक 14/3/2026, शनिवार को स्कूल में ही पैरेंटिंग कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ निलीमा राय द्वारा पालकों को बच्चों के अध्ययन, व्यवहार, अनुशासन तथा मानसिक विकास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से पालकों को यह समझने में मदद मिलेगी कि अपने बच्चों को अनुकूल वातावरण और उचित मार्गदर्शन कैसे किया जा सकता है।

स्कूल के सभी पालकों से विनती है कि इस कार्यक्रम में उपस्थित रहकर कार्यक्रम का लाभ लें और अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग करें।

## चिचगढ़ में 13 मार्च से भव्य 'बैलगाड़ी शंकरपट' और मंडई महोत्सव का रोमांच

### प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपये : विदर्भ और छत्तीसगढ़ की जोड़ियां लेंगी हिस्सा..

जगप्रेरणा देवरी।

*देवरी तहसील के चिचगढ़ में 'सार्वजनिक पट समिति' और 'मंडई जलसा' के उपलक्ष्य में भव्य निकाली बैलगाड़ी शंकरपट का आयोजन किया गया है।*

13, 14 और 15 मार्च 2026 को होने वाली इस रोमांचक प्रतियोगिता में विदर्भ और पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ की नामी बैल जोड़ियां शामिल होंगी। बैलगाड़ी प्रेमियों के लिए यह एक शानदार अवसर होने वाला है।

### पुरस्कारों की बौछार..

इस शंकरपट की खासियत विजेताओं को दी जाने वाली भारी नकद राशि हैः प्रथम पुरस्कारः 1,00,000/- नकद। द्वितीय पुरस्कारः 71,000/- नकद। तृतीय पुरस्कारः 51,000/- नकद। चौथे से बीसवें स्थान तकः आकर्षक नकद पुरस्कार।

**विशेषः** प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक 'हारने वाली' जोड़ी को भी मंडल की ओर से छतरी देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, लकी जोड़ी नंबरों को 5,000 का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम..

सिर्फ खेल ही नहीं, बल्कि मनोरंजन के लिए 14 मार्च की रात 10 बजे भव्य 'संगीत जलसा' और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम सभी के लिए निःशुल्क है।

### प्रमुख अतिथियों की उपस्थिति..

इस कार्यक्रम का उद्घाटन थानेदार जनार्दन जी हेडाऊ के हाथों होगा, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अंबिकाताई बंजार(सभापति, पंचायत समिति देवरी) करेंगी। इस अवसर पर क्षेत्र के सरपंच, जिला परिषद सदस्य और प्रतिष्ठित नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

### नियम एवं शर्तें..

प्रतियोगिता बिना 'तुतारी' (हॉर्न/बाजा) के आयोजित की जाएगी। प्रत्येक जोड़ी को 5 मिनट के भीतर अपनी दौड़ पूरी करनी होगी। प्रवेश शुल्क 1,500 निर्धारित किया गया है। इस भव्य आयोजन के लिए चिचगढ़ के समस्त ग्रामवासी और 'सार्वजनिक पट समिति' दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। समिति के अध्यक्ष, सचिव और सदस्यों ने सभी बैलगाड़ी प्रेमियों से इस रोमांचक प्रतियोगिता का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## आखिर वामन देशमुख को मिला न्याय श्रीराम विद्यालय चिचगड के प्राचार्य बने



जगप्रेरणा आमगांव।

*वामन देशमुख को राष्ट्रीय शिक्षण संस्था लाखनी के तहत आने वाले श्रीराम विद्यालय और जूनियर कॉलेज चिचगड में प्रिंसिपल बनाया गया।*

लंबे समय से राष्ट्रीय शिक्षण संस्था लाखनी ने आदिवासी नक्सल प्रभावित इलाकों में श्रीराम विद्यालय चिचगड के रूप में एक छोटा सा पौधा लगाया था। आज वह एक बरगद का पेड़ बन गया है। इस स्कूल के प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र राहगडाले का कार्यकाल खत्म होने के बाद, राष्ट्रीय शिक्षण संस्था लाखनी ने सेवाज्येष्ठता के आधार पर वामन देशमुख को श्रीराम विद्यालय चिचगड में प्रिंसिपल के तौर पर नियुक्त किया है। वामन देशमुख की प्रिंसिपल के तौर पर नियुक्ति को शिक्षणाधिकारी माध्यमिक गोंदिया ने मंजूरी दी थी। वामन देशमुख की 4 मार्च से प्रिंसिपल के तौर पर नई नियुक्ति हुई और आखिरकार सेवाज्येष्ठ को इंसाफ मिला... इसी वजह से राष्ट्रीय शिक्षण संस्था लाखनी के अध्यक्ष डॉ. उदय राजहंस, कार्यवाह एडवोकेट होमेश्वर रोकड़े और दूसरे पदाधिकारी ने वामन देशमुख को इस नियुक्ति पर बधाई दी है। चिचगड़ इलाके के इसी स्कूल में पढ़ने वाले एक विद्यार्थी के वामन देशमुख के रूप में प्रिंसिपल बनने पर छात्र और पालको मे हर जगह खुशी ज़ाहिर कर रहे हैं और उनकी तारीफ़ कर रहे हैं।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें।। मो। 9329033433

## प्रा. वाघमारे सर ने फ्री आई चेक-अप कैंप लगाया..






जगप्रेरणा आमगांव।

*मौजा हरदोली में स्वर्गीय मंसाराम रावजी वाघमारे की छठी पुण्यतिथि के मौके पर। 5/03/2026 हर गुरुवार सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक, प्रोफेसर सुनील कुमार मंसाराम*

वाघमारे ने ग्राम पंचायत ऑफिस हरदोली में एक बड़ा फ्री आई चेक-अप और सर्जरी कैंप लगाया। कैंप में शामिल मरीजों का फ्री आई चेक-अप किया गया और दवाइयां और चश्मे बांटे गए। साथ ही, जिन मरीजों को सर्जरी की जरूरत है, उन्हें नागपुर के मशहूर महात्मे आई हॉस्पिटल तक ट्रांसपोर्टेशन समेत इलाज की सभी सुविधाएं फ्री में दी गईं। यह आई चेक-अप कैंप डॉ. अरविंद डोंगरवार सर ने लगाया था और उनके साथी डॉक्टर मौजूद थे। खासकर, समाज के गरीब और ज़रूरतमंद लोगों के पास इलाज के लिए ज़्यादा पैसे खर्च करने का साधन नहीं होता...तब समाज का कर्ज़ चुकाने के इरादे से लगातार छठे साल यह कैंप लगाया गया है....बड़ी संख्या में मरीज़ों के शामिल होने से कैंप सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। कैंप में हरदोली गांव और उसके आस-पास के करीब 200 मरीज़ों की जांच की गई है और 40 मरीज़ों को मुफ़्त चश्मे बांटे गए हैं। जबकि 40 से 50 मरीज़ों को 13 मार्च 2026 को सर्जरी के लिए नागपुर के महात्मे आई हॉस्पिटल में भर्ती कराकर इलाज किया जाएगा। कैंप में मौजूद सभी लोगों को चाय और बिस्किट बांटे गए। प्रा. सुनील कुमार वाघमारे सर के काम की तारीफ़हो रही है।




## श्री गजानन विजय ग्रंथ के प्रकाशन समारोह में शामिल होंगे तिरोड़ा के मनोज श्याम बावनकर..

जगप्रेरणा तिरोड़ा।

*श्री गजानन महाराज की कृपा से 'श्री गजानन विजय ग्रंथ' के भव्य प्रकाशन समारोह का आयोजन नागपुर में किया जा रहा है। यह पावन और ऐतिहासिक कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न होगा।*

इस अवसर पर तिरोड़ा निवासी गुरु माऊली मनोज श्याम बावनकर की विशेष उपस्थिति रहने वाली है, जो कार्यक्रम की शोभा को और भी बढ़ाएगी। उनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद से यह समारोह श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायी और स्मरणीय बनने की संभावना है।




आयोजकों के अनुसार 'श्री गजानन विजय ग्रंथ'भक्तों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथ है, जो श्री गजानन महाराज की महिमा, कृपा और लीलाओं का वर्णन करता है। इस ग्रंथ के प्रकाशन से भक्तों में भक्ति और आध्यात्मिक जागरूकता को नई प्रेरणा मिलेगी।

कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं और भक्तों में उत्साह का वातावरण है। गुरु माऊली श्री मनोज श्याम बावनकर के कार्यक्रम में शामिल होने पर आयोजकों एवं श्रद्धालुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका मनःपूर्वक अभिनंदन और हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं।

### शराब के नशे मे झाड को रस्सी बांधकर लगाई फांसी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 10/3/2026 के रात ग्राम देऊटोला मे भोजलाल तुलशीराम शेंदरे उम्र 55 वर्ष निवासी देऊटोला को शराब की आदत थी। घटना के रात शराब के नशे मे गाव के पास झाड को रस्सी बांधकर फांसी लगाकर खुदखुशी की फर्यादी भतीजे के बयान पर पोस्टे गोरेगाव मे अकस्मात मौत क्रमांक 06/2026 धारा 194, भानासुस के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा तेजराम कोरेटी 1082 पोस्टे गोरेगांव कर रहे है।

### दो मोटरसायकल की भिडंत 2 जखमी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 21/2/2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान कवलेवाडा तिरोडा रोड पर महीला फर्यादी उम्र 56 वर्ष निवासी कवलेवाडा अपने पती के मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 ए एन 5708 से डबल सीट खेत देखने जा रही थी। सामने से आ रही मोटरसायकल क्रमांक एम एच 36 ए 3257 के चालक आरोपी हेमराज उपरीकर ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर फर्यादी के मोटर सायकल को ठोस मारी महीला फर्यादी और उसके पती को गंभीर चोट लगने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 261/2026 धारा 281,125, ए,125, बी, भान्यास 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा नामुर्ते 1194 पोस्टे तिरोडा कर रहे है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## व्यवसायिक गैस सिलेंडर नही मिलने से संकट मे गोंदिया के होटल रेस्टॉरेंट..

### होटल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने गैस आपूर्ति की मांग के लिये कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन





जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर के रेस्टोरेंट संचालकों और छोटे व्यवसायियों के सामने व्यवसायिक गैस सिलेंडर नहीं मिलने से भारी संकट खड़ा हो गया है। गैस सिलेंडर नहीं मिलने के कारण समस्याओं का समाधान करना परेशानीदायक है, क्योंकि***

आज के दौर में हर छोटा या बड़ा रेस्टोरेंट, होटल, भोजनालय तथा चाय पान दुकान चलाने वालों को भी व्यवसायिक सिलेंडरों का उपयोग करना पड़ता है, तथा ईरान अमेरिका के बीच युद्ध के कारण यह संकट शुरु हो चुका है, ऐसे में आज 11 मार्च 2026 को गोंदिया के होटल रेस्टॉरेंट एसोसिएशन ने अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए कलेक्टर प्रजीत नायर व जिला पुरवठा अधिकारी प्रकाश पाटील को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान मीडिया को एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश सेठ ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों के कारण उन्हें व्यावसायिक गैस सिलेंडर नियमित नहीं मिल रहे है। रेस्टॉरेंट में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, जो कानूनी और सुरक्षा की दृष्टि से सही नही है। एसोसिएशन ने चिंता व्यक्त की है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो इसका सीधा असर बाहर से आने वाले लोगों और अस्पतालों में भर्ती मरीजों व उनके रिश्तेदारों पर पड़ेगा। उन्हें भोजन और अन्य सेवाओं के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### छोटे व्यवसायियों की रोजी-रोटी का सवाल..

ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि कई छोटे व्यवसायियों की आजीविका सीधे तौर पर इस उद्योग से जुड़ी हुई है। एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर मामले का संज्ञान लिया जाए और शीघ्र उचित कार्रवाई की जाए ताकि होटल व्यवसायियों और आम जनता को राहत मिल सके। ज्ञापन देते समय एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश सेठ, सचिव राजेश अग्रवाल, लक्की भाटीया, राजेश चावड़ा, घनश्यामसिंग जाडेजा, गुलशन विनोद यादव, जागेस्वर सूर्यवंशी, अंकित पटेल, राजेन्द्र शिवहरे, विक्की येटरे, स्वप्नील गाडे, नीरज रंगलानी, अनुश जैसवाल, सिमरनदीप होरा, रमनदीप होरा व अन्य उपस्थित थे।

## गर्भाशय मुख के कैंसर से बचाव के लिए गोंदिया में एचपीवी टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ..

### किशोरवयीन लड़कियों से जल्द से जल्द टीकाकरण कराने की अपील..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गर्भाशय मुख के कैंसर पर समय रहते नियंत्रण पाने और महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए जिला सामान्य अस्पताल के माध्यम से ÷लस आपल्या लेकीची, सुरक्षा तिच्या भविष्याची÷ अभियान के तहत एचपीवी***

टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का शुभारंभ जिला सामान्य अस्पताल में जिला सर्जन डॉ. पुरुषोत्तम पटले और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिजित गोल्हार के हाथों अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया गया। इस अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी लेकिन 15 वर्ष से कम उम्र की किशोरियों को गर्भाशय मुख के कैंसर से बचाव के लिए मुफ्त एचपीवी टीका लगाया जाएगा। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक किशोरियों से इस टीकाकरण का लाभ लेने की अपील की है। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला सर्जन डॉ. तृप्ती कटरे, सहायक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंदकुमार वाघमारे, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुवर्णा हुबेकर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### पंजीकरण कैसे करें..

जिन लड़कियों की उम्र 14 वर्ष पूरी हो चुकी है लेकिन 15 वर्ष पूरी नहीं हुई है, वे इस टीकाकरण के लिए पात्र हैं। टीकाकरण के लिए अभिभावकों को अपनी बेटियों का पंजीकरण केंद्र सरकार के -ड्ढह्व पोर्टल पर या निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जाकर कराना होगा। टीकाकरण के लिए अभिभावकों की सहमति आवश्यक है।

### गर्भाशय मुख के कैंसर से बचाव संभव..

गर्भाशय मुख का कैंसर भारत में महिलाओं में पाया जाने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है। एचपीवी टीका इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है और यह 90 प्रतिशत से अधिक सुरक्षा प्रदान करता है। यह टीका सभी सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और ग्रामीण अस्पतालों में पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एचपीवी टीका विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित और पूरी तरह सुरक्षित है। टीकाकरण के बाद कुछ लड़कियों को हल्का बुखार या इंजेक्शन वाली जगह पर सूजन हो सकती है, जो आमतौर पर 2 से 3 दिनों में ठीक हो जाती है।

## महिला सशक्तिकरण के संदेश के साथ प्रोग्रेसिव ग्रुप ऑफ स्कूल्स में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस..









जगप्रेरणा गोंदिया।

***प्रोग्रेसिव ग्रुप ऑफस्कूल्स की सभी शाखाओं प्रोग्रेसिव इंग्लिश स्कूल (सी.बी.एस.ई. बोर्ड), प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल स्कूल (आई.सी.एस.ई. बोर्ड), प्रोग्रेसिव कॉन्वेंट एवं इंग्लिश हाई-स्कूल (स्टेट बोर्ड),***

प्रोग्रेसिव मराठी/हिंदी स्कूल तथा प्रोग्रेसिव साइंस जूनियर कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रेरणा दायक और गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रबंधन की ओर से विद्यालय की महिला शिक्षिकाओं और अभिभावकों का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया तथा समाज में उनके योगदान और महत्व को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। दीप प्रज्वलन संस्था संचालिका श्रीमती अलका पी. कटाकवार और श्रीमती लीना एन. कटकवार के मार्गदर्शन में प्राचार्य कुमुदिनी तावड़े, श्रीमती आशा राव, श्रीमती मिनाक्षी महापात्रा, ज्योति पहिरे, कुलदीप भौतिक, वीणा कावले, निधि व्यास, सुशीला भोयर तथा भाग्यलता लावटे की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने भाषण, गीत, नाटिका और नृत्य के माध्यम से विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनके जरिए महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।

संस्था संचालिका श्रीमती लीना एन. कटकवार ने अपने संबोधन में सभी महिला शिक्षिकाओं, अभिभावकों और छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि महिलाएँ समाज की सशक्त नींव हैं। शिक्षा, सेवा और नेतृत्व जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएँ अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं और उनके योगदान के बिना सशक्त समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी महिला शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने विशेष प्रयास किए।

## विशेष रैंप वॉक प्रतियोगिता के साथ मनाया गया लिटिल वुड्स इंटरनेशनल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***लिटिल वुड्स इंटरनेशनल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की संचालिका श्रीमती रेशमा अग्रवाल, मुख्य अतिथि श्रीमती बरखा राऊत,***

ऋचा आहूजा मैम तथा श्रीमती मनीषा अग्रवाल होरा के करकमलों द्वारा सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की शैक्षणिक सलाहकार श्रीमती मधु पांडे भी उपस्थित रहीं। महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं के लिए एक विशेष रैंप वॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसकी थीम बॉलीवुड रखी गई थी। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी महिलाएं प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्रियों के रूप में सुसज्जित होकर मंच पर उतरीं और आत्मविश्वास तथा आकर्षक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया प्रतियोगिता में श्रीमती ऋतिका इलमकर को बॉलीवुड दीवा का खिताब मिला, श्रीमती आँचल गजभिये को कॉन्फिडेंट स्टार का खिताब मिला तथा श्रीमती इंदुमती रहांगडाले को ग्रेसफुल क्वीन का खिताब प्रदान किया गया। विजेताओं को विजयी स्मृतिचिह्न के तौर पर ट्रॉफी और क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति भी दी, जिसने उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने महिलाओं के सम्मान, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित करते हुए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की सार्थकता को उजागर किया। कार्यक्रम का प्रभावशाली एवं सुसंगठित मंच संचालन श्रीमती श्रुति बहेकार तथा कु. निकिता बावनकर ने किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा कार्यक्रम का उत्कृष्ट एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया।

## साकेत पब्लिक स्कूल में मनाया गया महिला दिवस




जगप्रेरणा गोंदिया।

साकेत पब्लिक स्कूल के प्री-प्राइमरी विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से अभिभावकों के लिए आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य समाज में महिलाओं के महत्व और उनके योगदान को उजागर करना था।

इस अवसर पर श्रीमती समीना सैय्यद (पठान) को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। वे हवलदार के पद पर कार्यरत हैं और उन्होंने 25 जुलाई 2006 को अपनी सेवा जॉइन की थी। उन्होंने अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा करते हुए साहस, समर्पण और महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। प्री-प्राइमरी शिक्षिकाओं द्वारा अभिभावकों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे कार्यक्रम रोचक और प्रेरणादायक बन गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की भूमिका और उनकी शक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना था। अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

### - सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER

SONO VIEW

DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist

DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ

FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.

DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.

राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक

तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com